


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-21 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 25 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# मध्यप्रदेश में निवेश का यही समय है और सही समय है : प्रधानमंत्री श्री मोदी

## मध्यप्रदेश अगले पाँच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था को करेगा दोगुना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव







भोपाल ( निप्र)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारत के उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई दी। प्रधामनंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए आशान्वित है। भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता को सिद्ध किया है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण विश्व भारत पर विश्वास प्रकट कर रहा है। प्रधामनंत्री श्री मोदी ने कहा कि यही विश्वास हम मध्यप्रदेश में अनुभव कर रहे हैं। मध्यप्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से देश का पांचवां बड़ा राज्य है, कृषि और खनन में अग्रणी है, इसके साथ ही राज्य को माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। देश में हो रहे अधोसंरचना विकास का लाभ मध्यप्रदेश को मिला है, दिल्ली, मुम्बई नेशनल हाईवे का बड़ा भाग मध्यप्रदेश से निकलता है, प्रदेश में पाँच लाख किलोमीटर का रोड नेटवर्क है और लॉजिस्टिक्स की यहाँ अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। मध्यप्रदेश में हर वो क्षमता है, जो इसे देश के शीर्ष पाँच राज्यों में ला सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने के लिए बधाई दी।

### औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए 18 नई नीतियां लॉन्च

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रिमोर्ट का बटन दबाकर प्रदेश में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए लागू 18 नवीन नीतियों का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश उद्योग नीति 2025, एमएसएमई नीति, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, लॉजिस्टिक्स नीति, स्टार्टअप नीति, मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गैमिंग कामिक्स और विस्तारित रियलिटि नीति, जीसीसी नीति, सेमी कंडक्टर नीति, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति, फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति, पम्पड हाइड्रो स्टोरेज नीति, सिटी गैस डिस्टिब्यूशन नीति, विमानन नीति, नवकरणीय ऊर्जा नीति, स्वास्थ निवेश प्रोत्साहन नीति और एकीकृत टाउनशिप नीति शामिल हैं।

### देश का कॉटन कैपिटल है मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समिट में पधारे उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यहां 300 से अधिक इंडस्ट्री जोन हैं और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में 31 हजार मेगावॉट सरपल्स एनर्जी है, जिसमें 30 फीसदी रिन्यूएबल एनर्जी है। कुछ दिन पहले ही ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ हुआ है। एनर्जी सेक्टर में आए बूम का मध्यप्रदेश को लाभ मिला है। हाल ही में 45 हजार करोड़ रूपए लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना की आधारशिला रखी गई, जिससे 10 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, परिणामस्वरूप प्रदेश में कपड़ा उद्योग और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश को देश का कॉटन कैपिटल बताते हुए कहा कि कपड़ा उद्योग और कॉटन सप्लाय में मध्यप्रदेश, देश का सबसे बड़ा उत्पादक है। यहां का मलबरी सिल्क और चंदेरी साड़ियां भी बहुत पसंद की जाती हैं। देश में बन रहे सात बड़े टेक्सटाइल पार्क में से एक मध्यप्रदेश में है। देश के टूरिज्म सेक्टर में मध्यप्रदेश अजब भी है और गजब भी है। नर्मदा के किनारे पर्यटन का पर्याप्त विकास हुआ है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की भी अपार संभावनाएं हैं।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश

प्रधामनंत्री श्री मोदी ने कहा कि दो दशक पहले लोग मध्यप्रदेश में निवेश करने से डरते थे। जिस प्रदेश में बसें ठीक से नहीं चल पाती थीं, वह राज्य अब इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जनवरी 2025 तक प्रदेश में दो लाख इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हुए हैं, जो दर्शाता है कि नए क्षेत्रों में भी मध्यप्रदेश निवेश आकर्षित कर रहा है। लीथियम बैटरी और न्यूक्लीयर एनर्जी में भी निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में शत-प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। रानी कमलापति स्टेशन के चित्र सभी का मन मोह रहे हैं। इसी तर्ज पर प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। विमानन सेवा के लिए ग्वालियर और जबलपुर के एयरपोर्ट को विस्तार दिया गया है।

## मोदी के बाद अब गृहमंत्री अमित शाह आ रहे हैं भोपाल, निवेशकों से करेंगे बात

भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के भोपाल में आज ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की शुरुआत हुई, कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। दो दिवसीय चल रहे समिट के समापन कार्यक्रम में अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को पहुंच रहे हैं। GIS के समापन सत्र का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। दरअसल मंगलवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का दूसरा दिन है। इस दौरान देश के गृहमंत्री अमित शाह शामिल हो रहे हैं। वे विभिन्न सत्रों में निवेशकों से बात करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत, केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर भी सत्र को संबोधित करेंगे। पर्यटन के क्षेत्र में एमपी के ब्रांड एंबेसेडर बनाए गए पंकज त्रिपाठी भी समापन सत्र में शामिल होंगे।




## संभल की जामा मस्जिद सरकार की जमीन पर बनी, यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की स्टेटस रिपोर्ट

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने संभल में शाही जामा मस्जिद और उसके पास मौजूद कुएं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। यूपी सरकार ने कहा- संभल की शाही जामा मस्जिद भी सरकारी जमीन पर बनाई गई है। मस्जिद के पास मौजूद कुआं भी सरकारी जमीन पर है। खुद मस्जिद कमेटी ने गलत फोटो पेश करके अदालत को गुमराह करने की कोशिश की है। राज्य सरकार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 'ऐसा होना ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र होगा।



मस्जिद समिति का आवेदन कुएं की पुनरुद्धार प्रक्रिया को ना सिर्फ नाकामयाब करने की कोशिश है, बल्कि यह क्षेत्र के संरक्षण, विकास एवं पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। राज्य सरकार इस क्षेत्र में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है, जैसा कि सुनवाई के दौरान किया गया था।' कुआं उन 19 कुओं का हिस्सा है जो जिला प्रशासन की ओर से पुनर्जीवित किए जा रहे हैं। बारिश के पानी का संचयन और जल पुनर्भरण के बाद सभी समुदायों की ओर से उपयोग किया जा सकेगा। इन प्राचीन कुओं का पुनरुद्धार किया जा रहा है. सांस्कृतिक रूप से भी संभल में पर्यटन को आकर्षित करेगा।

## जानें कैसे टीमवर्क से सुचारु हुआ दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन

प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुंभ 2025 अपने चरम पर है, और हर दिन करोड़ों श्रद्धालु संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर लोगों का आना प्रशासन के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं, लेकिन अब तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। कुशल प्रबंधन और अनुशासनिक कड़े नियमों के चलते अब तक यह आयोजन एक मिसाल बना हुआ है। जिले की कमान संभाल रहे हैं ज़िला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार मंडार, जो न सिर्फ खुद हर व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं, बल्कि प्रशासनिक टीम को भी पूरी तरह सक्रिय रखे हुए हैं। महाकुंभ का आयोजन जितना धार्मिक आस्था से जुड़ा है, उतना ही प्रशासनिक दक्षता और टीमवर्क की परीक्षा भी है। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सहायता को प्रभावी तरीके से लागू करना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। रविंद्र कुमार मंडार, जो पहले भी अपनी प्रशासनिक निपुणता के लिए प्रधानमंत्री से सम्मान प्राप्त कर चुके हैं, इस चुनौती को पूरी संजीदगी से संभाल रहे हैं। बीते 40 दिनों से वह प्रतिदिन लगभग 22 घंटे तक काम कर रहे हैं ताकि हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश को दिया अल्टीमेटम, 'खुद ही तय करें कि आप कैसे रिश्ते चाहते हैं



नई दिल्ली(आरएनएस)। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के सत्ता में आने के बाद और हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते तनाव भरे हैं। कुछ दिन पहले ओमान में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से मुलाकात की थी। जिसके बाद अब विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश के शत्रुतापूर्ण व्यवहार का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश को तय करना होगा कि वह हमारे साथ कैसा रिश्ता रखना चाहते हैं? बांग्लादेश के साथ हमारा लंबा और बेहद खास इतिहास 1971 से चला आ रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश यह नहीं कह सकता है कि वह भारत से अच्छे रिश्ते चाहता है और दूसरी तरफ वहां होने वाली घर घटना का दोष भारत पर मढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार में से कोई हर दिन खड़े होकर हर चीज के लिए भारत को दोषी नहीं ठहरा सकता है। इस संबंध में फैसला बांग्लादेश को लेना है। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आप रिपोर्ट देखें तो कई चीजें बेहद हास्यास्पद हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में आने वाली दिक्कत के पीछे दो पहलू हैं। पहला अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाली सांप्रदायिक हिंसा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के खिलाफ हिंसा की बाढ़ आई है। निश्चित तौर पर इसने हमारी सोच को प्रभावित किया है। यह एक ऐसा मामला है, जिस पर हमें बोलना चाहिए। हमने यह किया भी।

## दर्दनाक हादसा : पेड़ से टकराने के बाद डिवाइडर तोड़कर बस से जा भिड़ी एसयूवी कार, 6 की मौत-2 घायल

जबलपुर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के खितौली थाना क्षेत्र के पहरेवा इलाके में सोमवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज से जबलपुर जा रही एसयूवी गाड़ी पहले पेड़ से टकराई और फिर डिवाइडर तोड़ते हुए रॉंग साइड पर पहुंच गई। इस दौरान दूसरी तरफ से एक बस जबलपुर से कटनी जा रही थी दोनों गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं इस घटना में 2 लोग घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहंची और सबसे पहले ट्रैफिक को चालू किया गया। मृतकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं 2 घायलों को सिहोरा अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। मृतकों की पहचान विरुपक्सि गुमती, बस्वराज कुरति, बालाचंद्र और राजू के रूप में हुई है।

## मध्यप्रदेश 2047 तक बनेगा 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था




भोपाल(ए.)। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था संभावित रूप से अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 2047-48 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (248.6 लाख करोड़ रुपये) तक बढ़ा सकती है, जो मौजूदा 164.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (13.6 लाख करोड़ रुपये) से 8.6 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ सकती है। भारतीय उद्योग परिसंघ की रिपोर्ट में यह बात रेखांकित हुई है। एनविज़निंग म.प्र. इकोनॉमी @ 2047 के अनुसार यह रिपोर्ट आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण, प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, नीतिगत हस्तक्षेप और निवेश के अवसरों की रूपरेखा तैयार करती है जो राज्य के परिवर्तन को आगे बढ़ाएंगे।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने और विकास को गति देने के लिए समर्पित एक सक्रिय राज्य सरकार के साथ, मध्यप्रदेश 2047-48 तक भारत की जीडीपी में अपना योगदान मौजूदा 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.0 प्रतिशत करने के लिए अच्छी स्थिति में है। मध्यप्रदेश को अपने महत्वाकांक्षी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विनिर्माण और औद्योगिक विस्तार को केंद्र में रखना होगा। कृषि क्षेत्र वर्तमान में मप्र की अर्थव्यवस्था में 43 प्रतिशत योगदान देता है, दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने के लिए विनिर्माण की हिस्सेदारी 2047 तक बढ़कर 22.2 प्रतिशत होनी चाहिए। इसे प्राप्त करने के लिए, क्रॉस-सेक्टोरल और सेक्टर-विशिष्ट में वर्गीकृत हस्तक्षेपों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई।




## अपनी मस्ती में मस्त है प्रशासन, शहरवासी हो रहे त्रस्त

### मुख्यालय पर कई जगह अनेक बार रोज लग रहा जाम, ऐसे लापरवाह प्रशासन का क्या काम?

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यालय पर सिर्फ नाम का या कहने को ही प्रशासन है। वह नींद से जाग ही नहीं रहा है। या फिर उसकी आंख पर गांधारी की तरह पट्टी बंधी हुई है। क्योंकि संभाग मुख्यालय जिला मुख्यालय के नागरिकों को हर दिन हर कभी शहर में जाम की कठिनाईयों से होकर गुजरना पड़ रहा है। मोटी मोटी तन्ख्वाह लेने वाले ऊंघ रहे हैं। जेब भर रहे हैं। अपना बैलेंस बढ़ा रहे हैं। उन्हें लोगों की तकलीफ से कोई सरोकार नहीं है। शहर की सड़कें महिनों से खुदी पड़ी हुई हैं। जगह जगह से ऊबड़ खाबड़ मार्ग महिनों से बना हुआ है। लेकिन उन्हें कोई लेना देना नहीं। उन्हें तो हर महिने एक तारीख से मतलब है। जो उनकी मंशा पूरी हो ही जाती है। मुख्यालय पर दिन काटने वाले ऐसे लापरवाहों को यहां से हटाने की मांग होने लगी है। लेकिन शहरवासी मांग करें तो करें किससे कोई ऊपर भी सुनने वाला नहीं है। वहां इनसे बढ़े वाले बैठे हुए हैं। उन्होंने शासद मोटी पट्टी आंख पर बांध ली है। उन्हें तो हर माह मिलने वाली पोटली ही दिख रही होगी। नहीं तो ऐसे लापरवाहों पर जरूर कार्रवाई हो जाती।

### बेमतलब जलता है पेट्रोल डीजल

शहर में जब जाम लगने की नौबत आती है तो सैंकड़ों वाहन चालू हालत में एक ही जगह काफी देर तक खड़े खड़े आगे बढ़ने की जगह रेंगते हैं। इस कारण लोगों के वाहन का ईधन बेमतलब जलता रहता है। यह बहुत बड़ा नुकसान है। यदि इसका आकलन किया जाए तो लाखों रूपये रोज का फिजूल में ईधन इन लापरवाहों की बजह से जल रहा है। यदि लापरवाह लोग शहर की सड़कों की दशा सुधरवा दें, मार्ग को ठीक ठाक करवा दें, चौराहों पर वर्दी धारी को खड़ा करवा दें। जो चौराहों पर अतिक्रमण है उसे हटवा दें। लेकिन ऐसा वे कैंसे करेंगे? उनको तो बेमतलब के कार्यों में रूचि है। तो फिर शहर की जनता को तब तक भुगतना पड़ेगा जब तक की लापरवाहों की यहां से रवानगी नहीं हो जाए।

## मुझे सॉफ्ट टारगेट बनाया गया कोर्ट में बोले आप एमएलए अमानतुल्लाह खान


नई दिल्ली (ए)। अमानतुल्लाह खान को की गिरफ्तारी पर लगी रोक की अवधि सोमवार खत्म हो रही है। इसको लेकर सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई में सुनवाई हुई। इस दौरान अमानतुल्लाह के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनके मुव्विकल को सॉफ्ट टारगेट बनाया गया है। वहीं जज ने पुलिस से पूछा कि क्या उनके पास घटना के समय का सीसीटीवी फुटेज है जिसमें शावेज खान दिखाई दे रहा है। अगर है तो कोर्ट को दें। मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को की गिरफ्तारी पर लगी रोक की अवधि आज खत्म हो रही है। इसको लेकर आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई में सुनवाई हुई। इस दौरान अमानतुल्लाह के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनके मुव्विकल को सॉफ्ट टारगेट बनाया गया है। वहीं जज ने पुलिस से पूछा कि क्या उनके पास घटना के समय का सीसीटीवी फुटेज है जिसमें शावेज खान दिखाई दे रहा है। अगर है तो कोर्ट को दें। कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सौंपी, जिसके बाद जज ने फुटेज देखी।

## सीएम योगी ने की सपा की खिंचाई, कहा- समाजवादी से सनातनी हो गए हैं नेता प्रतिपक्ष



लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बजट सत्र के पांचवें दिन महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर चर्चा है। इसमें सत्ता पक्ष से जुड़े 98 और प्रतिपक्ष के 48 (कुल 146 सदस्यों) सदस्यों ने भाग लिया है। नेता प्रतिपक्ष समाजवादी से सनातनी हो गए हैं। स्वभाव के विपरीत उन्होंने अपने सदस्यों को टोका भी। स्वागतयोग्य है कि आपने इस विषय को समझा और महत्व देकर सम्मान का भाव प्रकट किया। सीएम ने सपा के सोशल मीडिया सेल के हैंडल के जरिए उन पर प्रहार किया। नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर सीएम योगी ने जवाब देते हुए कहा कि जिन महापुरुषों ने भी भारत में जन्म लिया, मैं उन सभी को मानता हूं। मैं बुद्ध, जैन परंपरा (सभी तीर्थंकरों) को मानता हूं। हम लोग सनातन धर्म के साथ-साथ बौद्ध तीर्थस्थलों के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य कर रहे हैं। भारत २के प्रति सम्मान का भाव रखने वाले और सनातन परंपरा में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका रखने वाले सभी पंथ-संप्रदाय (बौद्ध, जैन, सिख) का हम सम्मान करते हैं। गुरु गोविंद सिंह के चार-चार पुत्रों की शहादत के प्रति सम्मान का भाव ही है कि पीएम मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया है।

उन्होंने कहा कि पहली बार गुरुवाणी का पाठ निरंतर मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। भगवान बुद्ध, जैन तीर्थंकरों, सिख परंपरा, कबीरपंथी, रविदासी, महर्षि वाल्मीकि की परंपरा या भारत के अंदर जन्मी हर उस उपासना विधि का, जिससे सनातन धर्म को मजबूती प्रदान होती हो और देश एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे बढ़ता है, उन सबके प्रति हमारे मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है।







# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से की वन-टू-वन चर्चा



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन सोमवार को विभिन्न उद्योगपतियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की। पतंजलि समूह के आचार्य बालकृष्ण ने भेंट के दौरान मुख्यमंत्री से हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में निवेश के संदर्भ में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में इटली के कान्सूलेट जनरल वॉलटर फेरेरा भी थे। ईजीट्रिप डॉट कॉम के सीईओ एवं कॉ-फाउण्डर रिकांत पिटी ने भी भेंट की और पर्यटन क्षेत्र में निवेश संबंधी चर्चा की। टॉरेंट पॉवर के जिगिश मेहता एवं ओमप्रकाश नेनवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा जताई। आदित्य बिरला ग्रुप के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में औद्योगिक संभावनाओं को तलाशने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा।

हिन्डालको कम्पनी के एमडी सतीश पई, एमडी ग्रेसिम एच.के. अग्रवाल, एसेल माईनिंग के एमडी थॉमस चेरियन, अरविंद ग्रुप के डॉ. परम शाह एवं एनटीपीसी के चेयरमैन एवं एमडी गुरदीप सिंह ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन-टू-वन चर्चा की। गोदरेज समूह के ग्रुप प्रेसीडेंट राकेश स्वामी भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले। उन्होंने रियल स्टेट और टाउनशिप क्षेत्र में समूह द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी दी।



## प्रधानमंत्री श्री मोदी को भोपाल विमानतल पर दी भावभीनी विदाई

भोपाल (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय भोपाल यात्रा के बाद सोमवार को 12:15 बजे राजकीय विमानतल भोपाल से भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से पटना रवाना हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी को भोपाल से खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, मंत्री चैतन्य काश्यप, सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, विधायक विष्णु खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी। इस दौरान कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा भी उपस्थित रहे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- भोपाल में फॉरेन डेलीगेट्स का आगमन





## पर्यटन में निवेश के खुलेंगे नए द्वारः टूरिज्म समिट में अभिनेता पंकज त्रिपाठी समेत ये नामचीन हस्तियां होंगी शामिल

भोपाल (आरएनएस)। ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के दौरान पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिये संभावनाएं के नए द्वार खुलेंगे। आयोजन के दूसरे दिन 25 फरवरी को फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश के निर्माण में पर्यटन और संस्कृति के योगदान और अवसरों पर एक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्रीय मंत्रीगजेंद्र शेखावत , सचिव, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार विद्यावति, प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला, इतिहासकार पद्मश्री के.के. मोहम्मद, अध्यक्ष, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री अजीत बजाज, अभिनेता पंकज त्रिपाठी, कार्यकारी उपाध्यक्ष इंडियन होटल्स कंपनी लि. रोहित खोसला, हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स एंड कॉर्पोरेट एफेयर्स मेक माई ट्रिप समीर बजाज, निदेशक जेहनुमा होटल्स अलि राशिद, अभिनेता विजय विक्रम सिंह अपने विचार व्यक्त करेंगे।

## वीआईपी रोड पर चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला




भोपाल(ए.)। राजधानी के वीआईपी रोड पर सोमवार शाम करीब 6 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब यहां से गुजर रही एक चलती कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही की पुलिस ने नगर निगम के सीवेज टैंकर के कर्मचारियों की मदद से पानी डालकर आग को समय रहतेबुझा दिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक इंदौर के एक कारोबारी लग्जरी कार में ड्रायवर के साथ इंदौर जाने के लिये वीआईपी रोड से रेत घाट से लालघाटी की और जा रहे थे। कोहेफिजा चौराहे से थोड़ा आगे जाने पर अचानक ही चलती कार के इंजन में आग लग गई। अगले हिस्से में लगी आग देखते ही कार चालक ने फौरन कार को सड़क किनारे किया और उसमें सवार कारोबारी और चालक दोनों उतरकर बाहर निकल आए। वीवीआईपी मूवमेंट के चलते यहॉ तैनात पुलिसकर्मी फौरन मौके पर पहुंचे। पुलिस से मिली सूचना पर फौरन ही नगर निगम के कर्मचारियों फौरन ही सीवेज टैंकर लेकर मौके पर पहुचें और पानी डालकर जल्द ही कार में लगी आग को बुझा दिया। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह जल गया। गनीमत रही की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया वरना पूरी गाड़ी ही आग की आपकी चपेट में जाकर जल जाती और बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने का कारण साफ नहीं हो सका है।

## भोजपुर सहित 9 स्थानों पर महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेव सांस्कृतिक स्वरुप में दिखेगी शिव की महिमा

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष भोजपुर शिव मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला महादेव भोजपुर उत्सव 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सांस्कृतिक स्वरूप में भगवान शिव की महिमा दर्शायी जायेगी। कार्यक्रम सायं 6:30 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क होगा।

संचालक, संस्कृति एन.पी.नामदेव ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतिष्ठित आयोजन के पहले दिन सबसे पहले शिव भाई गुप्ता, खरगोन का लोकगायन, इसके बाद अभिलाष चौबे, सागर का बधाई लोकनृत्य,




हीरामणि वर्मा, उज्जैन का मटकी लोकनृत्य और अंतिम प्रस्तुति सुप्रसिद्ध सितार वादक और गायक ऋषभ रिखीराम शर्मा, मुम्बई का भक्ति गायन होगा।महादेव में दूसरे दिन 27 फरवरी, 2025 को ताल वाद्यकचहरी में शिव तांडव की प्रस्तुति अंशुल प्रताप सिंह एवं साथी, भोपाल द्वारा होगी। इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें डॉ.हरिओम पंवार, अनामिका अम्बर, विष्णु सक्सेना, बलराम श्रीवास्तव, अमन अक्षर और लक्ष्मण नेपाली अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। महादेव में तीसरे दिन 28 फरवरी, 2025 को भोजपुर मंदिर के दिव्य परिसर में सबसे पहले लोकगायन होगा, जिसे प्रस्तुत करेंगे राजकुमार ठाकुर, सागर, इसके बाद गणगौर नृत्य संजय महाजन, बड़वाह, बरेदी एवं नौरता नृत्य अमित घारू, सागर द्वारा दी जाएगी। अंतिम प्रस्तुति सुगम संगीत की होगी, जिसे अरुणीता कुंजीलाल — नचिकेत लेले एवं ग्रुप, मुम्बई द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।संचालक, संस्कृति एन.पी.नामदेव ने बताया कि भोजपुर के अलावा प्रदेश के 9 स्थानों पर भी एक दिवसीय महादेव का आयोजन किया जा रहा है। इनमें पिपलेश्वर महादेव मंदिर — सोनकच्छ (देवास), नरवर (शिवपुरी), कुंडेश्वर धाम — टीकमगढ़, पशुपतिनाथ मंदिर — मंदसौर, नीलकंठेश्वर मंदिर, उदयपुर (विदिशा), नागर घाट — ओंकारेश्वर, जुगलकिशोर मंदिर — पन्ना, देवतालाब प्राचीन मंदिर — मऊगंज और बटेश्वर हिन्दू मंदिर — मुरैना में 26 फरवरी को आयोजित होगा।

## प्रधानमंत्री के स्वागत में गोलघर पर रंगोली बना,दीप जलाकर की गई आतिशबाजी

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में पधार रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर गुरुनानक मंडल द्वारा गोल घर पर आतिशबाजी की गई एवं दीपक जलाए गए। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए नए अवसर खोल रहा है। यह समिट व्यापार के नए आयाम खोजने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।इस अवसर पर महेश मकवाना, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, नरेंद्र ठाकुर, पी सी कनर्जी, विवेक तिवारी, कैलाश हिरवे, मुकेश गांठे, संजय राठौर, नितिन बम्मान, सुनील शुक्रवारे, अजय सर्विया, रोबिन परोचे, राज मकोरिया, रोहित सहित युवा साथी उपस्थित थे।

### एनएसयूआई की बड़ी जीत

## अब अस्पतालों के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी फिर से ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में सभी नर्सिंग होम (अस्पतालों) के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफकी जानकारी अब फिर से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक कर दी गई है। NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने 31 जनवरी को इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए विरोध दर्ज कराया था कि प्रदेश के अस्पतालों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से हटा दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि यह कदम गड़बड़ी और अनियमितताओं को छिपाने के लिए उठाया गया, जिससे आम जनता और स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता पर असर पड़ा।सार्वजनिक कर दी गई है। रवि परमार ने इसे मध्यप्रदेश के जागरूक नागरिकों और हस्ढ्ढ की बड़ी जीत करार दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों के हित में फिर दिखाई संवेदनशीलता

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निर्धारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के हित में परिवर्तन करते हुए एक बार फिर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी प्रातः 9.45 बजे जीआईएस कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होने वाले थे। सोमवार को विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा होने से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यक्रम को 15 मिनिट आगे बढ़ाते हुए 10 बजे का कार्यक्रम निर्धारित किया। प्रधानमंत्री मोदी अब प्रातः 10 बजे कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय विद्यार्थियों को अपने परीक्षा केन्द्र पर आसानी से पहुँचने के लिये लिया। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विद्यार्थियों के हित में लिये गये इस निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता हमें सदैव प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये सदैव संवेदनशील रहते हैं और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम कर उनका मनोबल भी बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिये अत्यंत लोकप्रिय और प्रेरणादायी सिद्ध हो रहा है।

## भोपाल में पीएम मोदी की अध्यक्षता में भाजपा सांसदों-विधायकों की बैठक, विकसित मध्यप्रदेश पर हुई चर्चा

भोपाल (आरएनएस)। आज भोपाल में नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश भाजपा के सांसदों एवं विधायकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री जी का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं भविष्य के विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव,उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी ड़ी शर्मा एवं पार्टी के अन्य सांसद तथा विधायक उपस्थित रहे।

### - समिट में हो रहा मध्यप्रदेश की लोक कलाओं का रंगारंग प्रदर्शन

# डेलिगेट्स को मिला महाकाल का प्रसाद, वर्चुअल रियलिटी से की ओरछा की सैर : राज्य मंत्री श्री लोधी

- GIS के मप्र टूरिज्म बोर्ड के पवेलियन में राज्य की समृद्ध विरासत और निवेश क्षमता का हुआ प्रदर्शन
- उज्जैन, साँची, भोजपुर, भीमबेटका, खारी विलेज होमस्टे और भोपाल के प्रमुख पर्यटन स्थल भी बने आकर्षण का केंद्र

भोपाल (निप्र)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल, प्राचीन मंदिर, राजसी किले और लुभावने प्राकृतिक स्थलों को नवीन तकनीक और इंटरैक्टिव पैनल के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। यहां डेलीगेट्स ने होलोग्राम के जरिए महांकाल के सजीव दर्शन कराये जा रहे हैं। विशेष रूप से उज्जैन से मंगाया गया बाबा महाकाल का प्रसाद भी दिया जा रहा है। इसके अलावा, साइक्लिंग करते हुए वर्चुअल रियलिटी के ज़रिए ओरछा, खजुराहो और सांची स्तूप के साथ वन्य जीवन का अनुभव कराया जा रहा है। पवेलियन में वेलनेस टूरिज्म को प्रदर्शित करते हुए साउंड हीलिंग तकनीक का विशेष जोन बनाया गया है। प्रदेश के पारंपरिक हस्तशिल्प बाग प्रिंट का लाइव काउंटर में डेलीगेट्स बाग प्रिंट को करीब से जानने के साथ साड़ी, स्टोल जैसे उत्पाद भी खरीद रहे है। जीआईएस के पलो को यादगार बनाने के लिए मोगली सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया हैं। जिसमें डेलीगेट्स जंगल बुक के कैरेक्टर मोगली, बघीरा सहित चीता और बाघ के साथ सेल्फी ले सकते है। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा, जीआईएस में आने मेहमानों को म.प्र. के ऐतिसाहिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक स्थलों से अवगत कराने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। वर्चुअल अनुभव से न केवल राज्य की विरासत को व्यापक स्तर पर प्रचार मिलेगा, बल्कि डेलिगेट्स में हमारे पर्यटन स्थलों के प्रति आकर्षण भी बढ़ेगा। पवेलियन में होलोग्राम के जरिये महाकाल के दर्शन और ओरछा की वर्चुअल टूर को सराहा जा रहा है। इसके साथ ही पवेलियन में पधारने वाले निवेशकों और डेलीगेट्स को प्रदेश में पर्यटन परियोजनाओं में निवेश के अवसर और नवीन पर्यटन नीति के प्रावधानों से भी अवगत कराया जा रहा है।

### डेलीगेट्स के लिए उज्जैन और सांची की बनी पहली पसंद

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए देश-विदेश के प्रतिनिधियों के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन ने विशेष यात्रा टूर प्लान किया गया है। डेलीगेट्स ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के साथ ही, सांची के बौद्ध स्तूप, भोजपुर के शिव मंदिर और भीमबेटका की एतिहासिक गुफाओं में रुचि व्यक्त की है। साथ ही पर्यटन ग्राम खारी को भी डेलीगेट्स द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है, जहां डेलीगेट्स ग्रामीण जीवनशैली और स्थानीय संस्कृति का अनुभव ले रहे है।

### मध्यप्रदेश पर्यटन की शानदार मेहमाननवाजी का ले रहे है अनुभव

मध्यप्रदेश पर्यटन ने त्वद्धुस में आए मेहमानों को राज्य के ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक स्थलों से अवगत कराने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग भी लिया जा रहा है । इससे न केवल राज्य की विरासत को व्यापक स्तर पर प्रचार मिल रहा है, बल्कि डेलीगेट्स में हमारे पर्यटन स्थलों के प्रति आकर्षण भी बढ़ा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार और पुरातत्व विभाग के सहयोग से राज्य के सभी पुरातात्विक और एएसआई संरक्षित स्मारकों पर प्रतिनिधियों के लिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा दी गई है। इसके अलावा, मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा सहायता डेस्क और यात्रा सहायकों की भी विशेष व्यवस्था की गई, ताकि मेहमानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### मध्यप्रदेश की जनजातीय कला और संस्कृति का भव्य प्रदर्शन

प्रदेश की जनजातीय और स्थानीय संस्कृति के साथ जनपदीय संस्कृति को सजीव रूप में प्रस्तुत करने के लिए सांस्कृतिक ग्राम विकसित किया गया है। इसमें प्रदेश की जनजातीय और लोक कलाकारों की अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। सांस्कृतिक परिदृश्य की झलक प्रस्तुत करते जनजातीय नृत्य, पारंपरिक वस्त्र, चित्रकारी, मिट्टी और धातु शिल्प के साथ-साथ लोक संगीत सभी डेलीगेट को अपनी ओर अनायास ही आकर्षित कर रहे है।

# प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि का सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया अंतरण

## कलेक्टर द्वारा जिले के लाभार्थियों को प्रतिकात्मक रूप से वितरित किये गये चैक

झाबुआ (आरएनएस)। कृषि प्रधान देश भारत में, कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 24 फरवरी 2019 को प्रारम्भ की गई जिसमें प्रति पात्र परिवार को प्रति वर्ष 2000 रुपये की 03 समान किश्तों में 6000/- की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त देशभर के 9.8 करोड़ से अधिक किसानो के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 22000 करोड से अधिक की राशि का अंतरण किया गया। जिले में कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में कृषि विज्ञान केन्द्र झाबुआ में देखा गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के 1.30 लाख से अधिक किसानो को 26 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया गया। कलेक्टर नेहा मीना ने लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि की राशि के प्रतीकात्मक रूप से चैक वितरण किये। जैसा की विदित है योजना में



पात्र होने के लिए कृषकों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। जिले में वर्तमान हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है एवं कार्य की पूर्णता हेतु कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में समय-समय पर शिविर का आयोजन कराया गया, जिससे अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हो सके।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर नेहा मीना द्वारा उपस्थित किसानो से चर्चा की गयी। उन्होंने किसानों से फॉर्मर रजिस्ट्री कराये जाने हेतु कहा और समझाया कि योजनाओं के लाभ की निरन्तरता के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री किया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार आधार कार्ड व्यक्ति की पहचान का एक दस्तावेज है उसी प्रकार फॉर्मर रजिस्ट्री कार्ड किसान के पंजीकरण का दस्तावेज है।

कलेक्टर ने किसान बंधुओं को गेहूँ और चना उपार्जन हेतु पंजीकरण कराये जाने स्प्रिंकलर और ड्रिप सिंचाई के साधनो हेतु पंजीकरण कराये जाने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही किसानो को जैविक खेती से प्राप्त उपज से होने वाले लाभ के बारे में बताया। अतिरिक्त आमदनी के लिए किसानो को बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं अन्य पशुपालन गतिविधियों को किये जाने की सलाह दी। उपसंचालक किसान कल्याण विभाग झाबुआ नगीन रावत, अधीक्षक भू-अभिलेख झाबुआ पवन कुमार वास्केल, तहसीलदार झाबुआ सुनील डावर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पांच साल की बच्ची से किशोर ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

शिवपुरी(आरएनएस)। दिनारा थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षीय मासूम के साथ पड़ोस में रहने वाले 17 वर्षीय किशोर ने दुष्कर्म किया। घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे की है। मासूम का इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मासूम अपने घर की छत पर खड़ी होकर पड़ोस में चल रही जेसीबी को देख रही थी। इसके बाद वो कब नीचे उतरी और कहां लापता हो गई किसी को पता नहीं चला। दोपहर तीन बजे जब मां ने बच्ची को खोजा तब उसे बच्ची नहीं मिली। इसके बाद घर के बाहर बच्ची की तलाश की गई। तलाशी के दौरान परिवार के सदस्य को पड़ोस के एक सुने मकान में मासूम लहूलुहान मिली थी। उसके मुंह सहित शरीर के अन्य हिस्सों को नोंचा गया था।मासूम के पिता स्वास्थ्य खराब होने के चलते अपने एक रिश्तेदार के साथ झांसी के अस्पताल में उपचार कराने गए थे। बच्ची के लापता होने की सूचना मिलते ही वे गांव लौट आए। उसकी हालत देखकर पिता, दादा और मां बेहोश हो गए। इसके बाद आनन-फानन में मासूम को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका करीब चार घंटे तक इलाज चला। इसके बाद मासूम को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मासूम की हालत नाजुक बताई गई है।

# जिले के किसानों का 30 सदस्यीय दल हिमाचल प्रदेश के भ्रमण के लिये रवाना

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




ग्वालियर(आरएनएस)। मशरूम उत्पादन व समन्वित खेती की नई-नई तकनीकें सीखने के उद्देश्य से जिले के 30 किसानों का दल सोमवार को पाँच दिवसीय भ्रमण पर हिमाचल प्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्र सोलन के लिये रवाना हुआ। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शहर जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण प्रेम सिंह राजपूत ने मेला रोड स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र से हरी झण्डी दिखाकर किसानों के दल को हिमाचल प्रदेश के लिये रवाना किया। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने हिमाचल प्रदेश के भ्रमण पर जा रहे किसानों से कहा कि वे इस यात्रा के माध्यम से मशरूम उत्पादन के साथ-साथ सब्जी व फलों की उन्नत तकनीक सीखकर आएं। साथ ही उस तकनीक को अपनाकर स्वयं उन्नत खेती करें और दूसरे को भी सिखाएं। राज्य शासन की आत्मा किसान कल्याण योजना के तहत यह कृषक प्रशिक्षण दल हिमाचल प्रदेश के भ्रमण पर गया है।

दल के रवाना होते समय कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालियर के प्रमुख डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, मलखान सिंह गहलोत व उदय कुमार आर्य भी मौजूद थे।

### कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

दतिया (आरएनएस)। कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। 29वीं बटालियन के पास एक कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय शकुंतला पत्नी राकेश कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई।शकुंतला अपने देवर भूपेंद्र कुशवाहा और जीजा रमेश कुशवाहा के साथ बाइक पर सवार थी। वे झांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती अपनी मां से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए बेकाबू कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शकुंतला की मौत के अलावा उसके देवर और जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

## विविध-समाचार

### अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, ड्राइवर घायल

शिवपुरी(आरएनएस)। जिले के लुकवासा चौकी क्षेत्र में रविवार शाम एनएच-46 पर देहरदा गांव के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना उस समय हुई जब गुना से शिवपुरी की ओर जा रहा ट्रक सामने से आ रहे एक वाहन से टकराने से बचने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान ट्रक ने हाईवे की रेलिंग तोड़ते हुए पलट गया।

इस स्थान पहले भी कई हादसे हुए हैं। कुछ दिन पहले यहीं एक एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। महाराष्ट्र से बिहार जा रही इस एंबुलेंस हादसे में ड्राइवर और एक महिला की मौत हो गई थी। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में खराब सड़क की स्थिति के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

शिवपुरी (आरएनएस)। जिले में एक युवक ने शादी का झांसा देकर 18 वर्षीय छात्रा से 9 माह तक शारीरिक संबंध बनाए। पोहरी थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने रविवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

थाना प्रभारी रजनी सिंह चौहान के अनुसार, आरोपी प्रशांत धाकड़ पीड़िता से फोन पर बात करता था। वह लगातार शादी का वादा करता रहा। पीड़िता पढ़ाई के लिए पोहरी कस्बे में किराए के कमरे में रह रही थी।

आरोपी ने पहली बार 11 सितंबर 2023 को पीड़िता के कमरे में दुष्कर्म किया। इसके बाद भी वह शादी का वादा करके उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने 20 जून 2024 को शादी की बात की, तो आरोपी ने साफ मना कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी प्रशांत धाकड़ के खिलाफ धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

कटनी (आरएनएस)। रंगनाथ थाना क्षेत्र के रामनिवास वार्ड में रविवार को दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। दुर्गा भट्टा के पास हुए इस विवाद में तीन लोग घायल हो गए। घटना में संजय यादव, उनके छोटे भाई और बहन को चोटें आईं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित संजय यादव ने पुलिस को बताया कि सूरज ठाकुर, रोशन ठाकुर और गोलू ठाकुर कट्टा लेकर धमकी दे रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सूरज ठाकुर को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।रंगनाथ थाना प्रभारी एसआई नवीन नामदेव ने कहा, दो दिन पहले संजय यादव के परिवार का सूरज ठाकुर के परिवार से बाइक हटाने को लेकर विवाद हुआ था। बताया गया कि संजय परिवार के साथ कुंभ जा रहे थे। उन्होंने रास्ते से बाइक हटाने कहा था। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था।आज फिर से दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हुई। गोली चलने की अफवाह थी, लेकिन घटनास्थल पर कोई खाली कारतूस नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने भी गोली चलने की पुष्टि नहीं की।हालांकि, पीड़ित परिवार की चंदा यादव का कहना है कि उनके घर के बाहर गोली चलाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## व्यापार समाचार

### शेयर बाजार में हाहाकार, खुलते ही नवेशकों के पोर्टफोलियो हुए लाल; 5 मिनट में 3.40 लाख करोड़ हुए स्वाहा

मुंबई (आरएनएस)। शेयर बाजार में गिरावट थमने का नाम नहीं ले रही है। भारतीय बाजार में बीते कारोबारी हफ्ते में बड़ी गिरावट देखने के बाद सोमवार को शेयर मार्केट लाल निशान में खुला। सेंसेक्स खुलने के साथ ही 500 अंक से ज्यादा ज्यादा टूट गया जबकि निफ्टी 159 अंक टूटकर खुला। इस बीच शुरुआती कारोबार में लार्जकैप में शामिल 30 में से 29 शेयरों की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई। शेयर बाजार पर एक बार फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ लगाने की धमकी का असर देखने को मिला है।

सेंसेक्स सोमवार को अपने पिछले बंद 75,311.06 की तुलना में फिसलकर 74,893.45 के लेवल पर खुला और कुछ ही देर में गिरावट तेज हो गई जिस सेंसेक्स फिसलकर 74,730 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ निफ़्टी भी अपने पिछले बंद 22,795.90 के स्तर से टूटकर 22,609.35 के लेवल पर खुला और मिनटों में सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर 200 अंक टूटकर 22,607 के लेवल तक गिर गया।


शेयर बाजार में गिरावट इतनी तेज थी कि महज 5 मिनट में बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट करीब 3.40 लाख करोड़ रुपये डूब गया। ग्लोबल मार्केट में गिरावट के बीच अब ब्राडर मार्केट में भी हाहाकार की स्थित रही। क्नस्थ के सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। सुबह 9.20 बजे के करीब, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप घटकर 398.80 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। इस तरह लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप सोमवार को बाजार खुलने के कुछ मिनटों में ही 3.40 लाख करोड़ रुपये तक घट गया।

### खुशखबरी, सरकारी बैंक ने होम और कार लोन किया सस्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपनी लोन के ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया है। इस कटौती के बाद बैंक के कस्टमर्स को काफी राहत मिलेगी। आरबीआई ने करीब 5 साल के बाद रेपो दरों में कटौती की थी।

सरकारी लेंडर बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने अपने होम और कार लोन समेत अपने खुदरा कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में कटौती के बाद बीओएम ने यह कदम उठाया है। आरबीआई ने पांच साल के अंतराल के बाद गत सात फरवरी को रेपो दर को 0.25 फीसदी घटाकर 6.25 फीसदी किया था। इस दर पर बैंक, केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। बीओएम ने रविवार को बयान में कहा कि इस कटौती के बाद होम लोन के लिए उसकी बेंचमार्क दर घटकर 8.10 फीसदी रह गई है, जो बैंकिंग उद्योग में सबसे कम दरों में से है। इसी के साथ कार लोन पर ब्याज दर घटकर 8.45 फीसदी पर आ गई है। इसी तरह, एजुकेशन लोन और रेपो से जुड़ी ऋण दर (आरएलएलआर) में चौथाई प्रतिशत की कमी आई है।

# हम चूक गए, गूगल ने कर दिखाया, सत्या नडेला ने बताई माइक्रोसॉफ्ट की सबसे बड़ी गलती



नई दिल्ली (आरएनएस)। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने स्वीकार किया कि उनकी सबसे बड़ी गलतियों में से एक यह थी कि वे इंटरनेट पर सर्च इंजन के दबदबे को सही समय पर नहीं समझ पाए। गूगल ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और इसे अपने सबसे बड़े व्यवसाय के रूप में विकसित किया।

नडेला ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट ने शुरुआत में यह सोचा था कि वेब हमेशा डिसेंट्रलाइज्ड रहेगा, यानी अलग-अलग वेबसाइट स्वतंत्र रूप से काम करेंगी। लेकिन वे यह नहीं समझ पाए कि सर्च इंजन ही वेब का सबसे महत्वपूर्ण बिजनेस मॉडल बन जाएगा।

उन्होंने इसे एक बड़ा सीखने वाला अनुभव बताया और कहा, हमने वेब पर सबसे बड़े बिजनेस मॉडल को समझने में चूक कर दी, क्योंकि हमने मान लिया था कि वेब सिर्फ स्वतंत्र रूप से बंटा हुआ रहेगा।

यूट्यूबर द्वारकेश पटेल के साथ बातचीत में नडेला ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट ने सर्च इंजन की अहमियत को कम आंका, जबकि गूगल ने इसे सही समय पर पहचान कर अपनी रणनीति को सफलतापूर्वक लागू किया।

नडेला ने कहा, कौन सोच सकता था कि सर्च इंजन वेब को व्यवस्थित करने का सबसे बड़ा तरीका बन जाएगा?

उन्होंने माना कि माइक्रोसॉफ्ट इसे समय पर नहीं समझ सका, जबकि गूगल ने इसे पहचाना और बेहतरीन तरीके से लागू किया। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ तकनीकी बदलाव को समझना काफी नहीं है, बल्कि यह भी पहचानना जरूरी है कि असली लाभ कहां मिलेगा।

नडेला ने यह भी कहा कि व्यापार के तरीकों में बदलाव लाना, नई तकनीक सीखने से ज़्यादा मुश्किल होता है।

उन्होंने अपने करियर में आए कई बड़े तकनीकी बदलावों को याद किया, जैसे मेनफ्रेम कंप्यूटर से पर्सनल कंप्यूटर तक का सफर और उसके बाद क्लाइंट-सर्वर आर्किटेक्चर का विकास।

उन्होंने वेब के उभरने पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे मोज़ेक और नेटस्केप जैसे ब्राउजर आने के बाद माइक्रोसॉफ्ट को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी।

1992 में सन माइक्रोसिस्टम्स में काम करने के बाद माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ने वाले नडेला ने तकनीकी दुनिया के कई बदलाव देखे हैं।

उन्होंने मैंगलोर यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री ली है, यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी से कंप्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री और यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो से एमबीए किया है

### कंपनी लाने जा रही आईफोन 17, सामने आई लॉन्च, कीमत और फीचर्स की डिटेल

नई दिल्ली(आरएनएस)। एपल कंपनी अपनी अगली सीरीज को लॉन्च करने की तैयारी में जुट गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ऐप्पल सितंबर 2025 में आईफोन 17 सिरिस का लॉन्च इवेंट आयोजित कर सकता है।

जानकारी के अनुसार लीक से पता चलता है कि नए आईफोन मॉडल बड़े अपग्रेड के साथ आएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल, ऐप्पल चार मॉडल लाएगा । स्लीक डिजाइन, बेहतर डिस्प्ले, बेहतर परफॉर्मेंस और हाई-रिजॉल्यूशन वाले फ्रंट कैमरे के साथ, आईफोन 17 सीरीज में कई रोमांचक अपग्रेड देखने को मिलेंगे। रिपोर्ट में बताया कि ऐप्पल 11 से 13 सितंबर, 2025 के बीच आईफोन 17 को लॉन्च करेगा। फिलहाल कीमत की डिटेल तो सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारत में आईफोन 17 की शुरुआती कीमत 79,900 रुपये हो सकती है। अन्य मॉडलों की कीमतें पिछले लॉन्च के अनुरूप होने की उम्मीद है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईफोन 17 दिखने में आईफोन 16 जैसा ही होगा, लेकिन इसमें थोड़ा बड़ा 6.3 इंच का डिस्प्ले हो सकता है, जो इसे आईफोन 16 सिरिस के समान आकार का बना देगा। ऐप्पल सभी मॉडलों में प्रोमोशन (120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट) और ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले भी ला रहा है, जो पहले केवल प्रो वेरिएंट तक ही सीमित था। डिस्प्ले में बेहतर एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे यह ज्यादा स्क्रैच रेजिस्टेंट हो जाएगा। सभी आईफोन 17 मॉडल में हीट मैनेजमेंट को बेहतर बनाने के लिए वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम शामिल होगा, जिससे गेमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए बेहतर परफॉर्मेंस सुनिश्चित होगा। उम्मीद है कि ऐप्पल आईफोन 17 को अपग्रेडेड 3nm प्रोसेस पर बेस्ड अपकमिंग ,19 चिप से लैस करेगा। फ्लैगशिप में 8GB रैम होगी, जो आईफोन 15 के 6GB से ज्यादा है। ऐप्पल द्वारा डिजाइन किया गया नया वाई-फाई 7 और ब्लूटूथ चिप, कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा।

### SIM खरीदने से पहले जरूर जाने ये जानकारी, नहीं तो लगेगा 2 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली (आरएनएस)। साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए टेलीकॉम इंडस्ट्री ने सिम कार्ड से जुड़े कई बदलाव किए हैं। जो कि लागू भी कर दिए गए है। नियमों के मुताबिक अगर आप अपने आधार कार्ड से कई सिम लेते है तो आपकों लाखों रुपए का जुर्माना भी लग



सकता है। सिम कार्ड को बेचने के लिए सरकार ने रिटेलर्स के लिए नए नियम जारी कर दिए हैं। अब रिटेलर्स को इस प्रक्रिया का पालन कर ही सिम कार्ड बेचना होगा। ग्राहक के नाम पर कितने सिम कार्ड कनेक्शन हैं, इसकी जांच करनी होगी। साथ ही अगर ग्राहक ने अलग-अलग नाम से कनेक्शन लिए हैं, तो उसकी भी जांच अब की जाएगी। इसके साथ ही ग्राहक की फोटो भी अब 10 अलग-अलग एंगल से लेनी होगी। नियमों के अनुसार, एक व्यक्ति अपने आधार से सिर्फ 9 सिम खरीद सकता है। 9 से ज्यादा सिम कार्ड रखने पर पहली बार उल्लंघन करने वाले पर 50,000 रुपये और बार-बार उल्लंघन करने वालों के लिए 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी के साथ गलत तरीके से सिम कार्ड लेने पर 50 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की जेल का प्रावधान है ।

### मेटा भारत में अपने ऑपरेशंस का कर रहा विस्तार, शुरु की नई भर्ती




नई दिल्ली (आरएनएस)। दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी मेटा भारत में अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रही है और इस कड़ी में इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट जैसे पदों पर भर्ती शुरू कर सकती है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा ने बेंगलुरु में नया ऑफिस खोलने का ऐलान किया है।मेटा ने अपनी वेबसाइट पर एक इंजीनियरिंग डायरेक्टर की भर्ती निकाली है जो बेंगलुरु में एक मजबूत तकनीकी टीम बनाने के लिए जिम्मेदार होगा।यह भूमिका भारत में मेटा की दीर्घकालिक इंजीनियरिंग उपस्थिति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।लिंक्डइन पर कई मेटा कर्मचारियों ने साझा किया कि बेंगलुरु सेंटर कंपनी की एंटरप्राइज इंजीनियरिंग टीम द्वारा स्थापित किया जा रहा है।यह टीम मेटा के भीतर उत्पादकता बढ़ाने के लिए आंतरिक उपकरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है।कंपनी डेटा सेंटर संचालन और कस्टम चिप विकास सहित अपने बढ़ते एआई बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के लिए हार्डवेयर इंजीनियर्स के पदों पर भी भर्ती कर रही है।

मेटा ने भारतीय बाजार में 2010 में प्रवेश किया था। कंपनी के गुरुग्राम, नई दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई और बेंगलुरु में ऑफिस हैं।

मौजूदा समय में देश में मेटा का अधिकांश कार्यबल बिक्री, विपणन, व्यवसाय विकास, संचालन, नीति, कानूनी और वित्त जैसे कार्यों में लगा हुआ है।वहीं, बेंगलुरु के नए ऑफिस में कंपनी की इंजीनियरिंग टीमें होंगी।मेटा के प्रवक्ता के मुताबिक, कंपनी छोटी संख्या में बेंगलुरु में पेशेवर इंजीनियर्स की भर्ती करने की योजना बना रही है।भारत मेटा के लिए सबसे बड़ा बाजार है, जहां एक अरब से अधिक लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप सहित कंपनी के प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं।भारत अकसर मेटा की नई सुविधाओं और उपकरणों के लिए परीक्षण स्थल रहा है। 2020 में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगने के बाद इंस्टाग्राम रील्स को पहली बार भारत में व्यापक रूप से लॉन्च किया गया था।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## देश में शांति,विश्व पटल पर छवि धवल रहे

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामले में नयी याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा नये अंतरिम आवेदन को केवल तभी अनुमति दी जा सकती है, जब कोई नया बिन्दु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में न उठाया गया हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लोग नई याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं, उन्होंने नये आधार उठाए हैं। पीठ ने स्पष्ट कहा कि पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर दो न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई नहीं कर सकती।

शीर्ष अदालत ने दिसम्बर 2024 के अपने आदेश में विभिन्न हिन्दू पक्षों द्वारा दायर लगभग अट्ठारह मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी तौर पर रोक दिया था, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद व संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दस मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने को सव्रेक्षण की माग की गई थी।

1991 में अयोध्या में विवादित बाबरी विध्वंस के बाद देश में पूजास्थल कानून लागू किया गया था, जिसके तहत आजादी से पूर्व मौजूद किसी भी धर्म के पूजास्थल को दूसरे धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। जिन लोगों ने 1991 के इस अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी, उनका आरोप है यह अधिनियम हिन्दुओं के साथ ही जैनियों, बौद्धों, सिखों को अपने पूजास्थलों को पुन- प्राप्त के लिए अदालतों में जाने से रोकता है। जिन पर कट्टरपंथी बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण या अतिक्रमण किया गया था।

निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक जनहित याचिकाओं का अंबार है। इस पर जबरन विवाद उछालने, चर्चा में आने या राजनीतिक दलों द्वारा बहुसंख्यकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगातार इन विवादास्पद धार्मिक स्थलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं। इन पर आक्रामक बयानबाजियां की जाती हैं और उन्मादी धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास होता रहता है।

जनहित याचिकाओं की आड़ में न्यायालय का वक्त जाया करने और भारी धनराशि का अपव्यय करने वाली मानसिकता पर सख्ती जरूरी है। सांप्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाये रखने के लिहाज से अदालतें संतुलित निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं। अदालतों द्वारा ही धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने व विवादों को बिला-वजह तूल देने की प्रवृत्ति को थामा जा सकता है। ताकि देश में शांति रहे व विश्व पटल पर छवि धवल बनी रह सके।



अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की अपनी यात्रा के दौरान परमार्थ निकेतन शिविर का दौरा किया.

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे. जो प्रात: स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् संनिधि कुरु॥' का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां माँ की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है। अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या तदा योग: कुम्भाख्यस्तीर्थनायके ।। अर्थात जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग



में कुंभ-योग होता है।

कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं—मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है।

कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।

कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट् हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। । महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को साकार करता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलती है। विदेशी पर्यटक यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने आते हैं।

कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह केवल पवित्र स्नान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने, आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर भी है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा।

**लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं**

# अब सीबीआई पिंजरे का तोता नहीं

**विजय तिवारी**

उप राष्ट्रपति धनखड़ जी ने भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में सम्बोधन करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि कार्यपालिका की नियुक्ति के संबंध में न्यायपालिका को कैसे हम शामिल कर सकते हैं।

उनके तर्क के अनुसार लोकतंत्र में राष्ट्र के तीनों निकायों में शक्ति के विभाजन के अनुसार सीबीआई के डायरेक्टर के चयन में प्रधान न्यायधीश का क्या काम।

उनके अनुसार कार्यपालिका (सरकार) के कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार का हस्तकछेप चाहे वह विधायिका से हो अथवा न्यायपालिका से हो संविधान तथा लोकतंत्र के उसूलों के विरुद्ध है। धनखड़ जी खुद अदालतों मे वकालत कर चुके हैं।

हालांकि वे सफल वकील नहीं रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन केवल संसद का अधिकार है। एक अनजाने महा न्यायवादी की किताब का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मेरी समझ से तो संविधान के मूलभूत सिद्धांतों पर बहस की जरूरत हैं।

जगदीप धनखड़ जी संवैधानिक पद के नंबर दोयम पर आसीन हैं। परंतु वे उच्च सदन के सभापति भी हैं। अब वे सांविधानिक रूप से नंबर दो पर होने के बाद राष्टीय विधायिका के सभापति भी हैं।

मेरी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यदि सांविधानिक पद पर हैं तब, उन्हें विधायिका और उससे जन्मे व्यवस्थापक से बिल्कुल समान दूरी बना कर रखनी चाहिए।

राज्यसभा में बैठक का संचालन करते हुए उनके व्यवहार और फैसलों को समझा जा सकता है कि वे कितने न्यायप्रिय हैं। विपक्ष के सांसदों ने अनेकानेक बार उन पर न्याय नहीं नहीं करने का आरोप लगाया हैं।सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार यह सुनना पड़ा था कि वह सरकारी तोता है। जिसका इशारा था कि सीबीआई की जांच सरकार के समर्थन में ही होती हैं।

वह न्याय पूर्ण नहीं होती हैं। क्यूंकि अधिकतर सरकार अपने किसी स्वामिभक्त अफसर को इस पद पर नियुक्त करती थी।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार से केंद्र सरकार ने सीबीआई मुखिया की नियुक्ति में सर्वोच्च अदालत के प्रधान को भी शामिल किया। जिसका अर्थ यह था कि कम से कम अब सीबीआई को पिंजरे का तोता सुप्रीम कोर्ट नहीं कह सकेगी।

लेकिन मोदी सरकार के समय जिस प्रकार जांच एजेंसियों ने सत्ता विरोधियों को निशाना बनाने का काम किया है, उसके बाद ही सत्तारूद दल को वाशिंग मशीन की उपाधि मिल गई है।

अब सरकार सीबीआई से ज्यादा इ डी की जांच को प्रमुखता से अवसर दे रही हैं। मोदी सरकार के काल मे यह मुहावरा बन गया हैं की अगर आप गैर भाजपाई है तो आपको धरमराज बन के रहना होगा।

वरना आप एंडी टीवी कर प्रणव रॉय और राधिका रॉय की भांति बेगुनाह होते हुए भी सरकारी जांच एजेंसी इतना परेशान करेगी कि आपको देश छोडना पड़ेगा।यह बात और है कि आठ माह बाद वही जांच एजेंसी अदालत में बयान देती है कि रॉय दंपति के विरुद्ध कोई अपराध किया जाना नहीं पाया गया। कुछ ऐसा ही झूठ टूजी घोटाले के बारे में विनोद राय ने भी देश से बोल था। जिसको आरएसएस और बीजेपी ने प्रचारित करके तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम किया। फलस्वरूप चुनावों में कॉंग्रेस की पराजय हुई।उप महामहिम जी को यह समझना होगा कि सरकार बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण लोकतंत्र को कायम रखना हैं और उसके लिए सत्तारूढ़ पार्टी के अनीतिक और अवैध फैसलों को रोकने टोकने वाला अफसर चाहिए।न कि कारसेवको पर गोली चलवाने वाला मुख्य सचिव जो बाद में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण का जिम्मा निभा रहा हैं। इन्हीं कारणों से जांच एजेंसियों के मुखिया की रीढ़ इतनी मजबूत होनी चाहिए कि वह प्रधानमंत्री को भी गलत काम के लिए न कह सके।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बड़ो से नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढानें के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से अच्छी सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

मिथुन राशि- आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लगन और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज पारिवारिक अनबन समाप्त होने से घर में सौहार्द का वातावरण रहेगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगें।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरुरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए। सेहत के लिहाज से आज आप तंदरूस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगीयो से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी । धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के द्वार खुलेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे। आज किसी से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरुरत है। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढेगा। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

# भारत के कृषि-निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि: प्रथम बार हुए कई महत्वपूर्ण निर्यातों ने इतिहास रचा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत के कृषि निर्यात में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है जिसमें कई उत्पादों ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहुंच बनाई है। यह ऐतिहासिक विस्तार न सिर्फ व्यापार के संदर्भ में है अपितु यह किसानों को सशक्त बनाने, ग्रामीण आय को बढ़ावा देने और भारत की समृद्ध कृषि विरासत को वैश्विक पटल पर लाने से भी जुड़ा है। विशिष्ट फलों से लेकर पारंपरिक भोज्य पदार्थों तक, निर्यात की यह पहली खेपें इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि मोदी सरकार का आत्मनिर्भर भारत का विजन भारतीय किसानों के लिए किस तरह से नए अवसरों का सृजन कर रहा है।

**मोदी सरकार के नेतृत्व में पहली बार किए गए कुछ उल्लेखनीय कृषि निर्यात इस प्रकार हैं:**

ऑस्ट्रेलिया के लिए भारतीय अनार की पहली समुद्री खेप भारत के कृषि निर्यात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत ने समुद्री मार्ग से क्रमश: प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की पहली खेप को सफलतापूर्वक ऑस्ट्रेलिया भेजा। यह सफलता न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में भारत के ताज़े फलों की बाज़ार पहुंच को बढ़ाती है, बल्कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक भारतीय उत्पादों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

**पोलैंड के लिए पहली बार अंजीर के जूस का निर्यात किया गया**

भारत के अनोखे जीआई-टैग युक्त पुरंदर अंजीर अब यूरोप में धूम मचा रहे हैं। वर्ष 2024 में, मोदी सरकार ने पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस को पोलैंड को निर्यात करने की सुविधा दी। इससे पहले इसे वर्ष 2022 में जर्मनी को भी निर्यात किया गया था। पुरंदर अंजीर अपने विशिष्ट स्वाद और रंग-रूप के लिए जाने जाते हैं। यह निर्यात वैश्विक मंच पर भारत के अनूठे कृषि-उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**लंदन, बहरीन को पहली बार ड्रैगन फ्रूट का निर्यात किया गया**

भारत द्वारा अपने फलों के निर्यात में विविधता लाने के प्रयास के अंतर्गत, स्थानीय रूप से कमलम



के नाम से जाने जाने वाले फाइबर और खनिज युक्त ड्रैगन फ्रूट को वर्ष 2021 में लंदन और बहरीन निर्यात किया गया। लंदन को निर्यात की गई खेप गुजरात के कच्छ क्षेत्र के किसानों से प्राप्त की गई थी, जबकि बहरीन को भेजी गई खेप पश्चिमी मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) के किसानों से प्राप्त की गई थी।

**अमेरिका के लिए ताजे अनार की पहली ट्रायल खेप**

वर्ष 2023 में भारत ने अमेरिका को हवाई मार्ग से ताजे अनार की अपनी पहली ट्रायल शिपमेंट निर्यात करके अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। महाराष्ट्र के भगवा अनार में निर्यात की पर्याप्त संभावनाएं हैं और देश से फलों के निर्यात का लगभग 50 प्रतिशत राज्य के सोलापुर जिले से होता है।

**असम का लेटेकु फल दुबई निर्यात किया गया**

पूर्वोत्तर के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में वर्ष 2021 में, असम के लेटेकु के रूप में जाने जाने वाले बर्मी अंगूर की पहली खेप को दिल्ली के माध्यम से गुवाहाटी से दुबई भेजा गया। इस निर्यात ने असम के विदेशी उत्पादों को वैश्विक मानचित्र पर स्थान दिला दिया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की क्षमता भी सिद्ध हुई है।

**त्रिपुरा से जर्मनी तक कटहल**

वर्ष 2021 में जर्मनी को त्रिपुरा से भारत के ताजे कटहल का स्वाद मिला। पहली बार हवाई मार्ग से त्रिपुरा से जर्मनी तक ताजे कटहल की एक खेप निर्यात की गई।

अगरतला से एक मीट्रिक टन ताजे कटहल की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई गई। यह उपलब्धि मोदी सरकार द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों को भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात मानचित्र पर लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है।

**किंग चिली 'राजा मिर्च' पहली बार नागालैंड से लंदन भेजी गई**

पहली बार वर्ष 2021 में पूर्वोत्तर क्षेत्र से जीआई उत्पादों के निर्यात को एक महत्वपूर्ण आकार देते हुए, नागालैंड से किंग मिर्च के नाम से विख्यात 'राजा मिर्च' की एक खेप को पहली बार हवाई मार्ग से गुवाहाटी के रास्ते लंदन निर्यात किया गया। इसकी जल्दी खराब होने वाली प्रकृति को देखते हुए, इस उत्पाद का निर्यात करना एक चुनौती थी लेकिन भारत ने सफलतापूर्वक इसके हवाई शिपमेंट की सुविधा प्रदान की, जिसने विशेष कृषि-निर्यात को संभालने में भारत की क्षमताओं को उजागर किया।

**असम से अमरीका को 'लाल चावल' का पहला निर्यात**

वर्ष 2021 में, भारत की चावल निर्यात क्षमता को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देते हुए, 'लाल चावल' की पहली खेप को अमरीका के लिए निर्यात किया गया। असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में बिना किसी रासायनिक खाद के आयरन से भरपूर 'लाल चावल' उगाया जाता है। चावल की इस किस्म को 'बाओ-धान' कहा जाता है और यह असमिया भोजन का एक अभिन्न अंग है। केरल से दुबई और शारजाह के लिए वज़ाकुलम अनानास की पहली खेप वर्ष 2022 में भारत ने केरल के एर्नाकुलम से दुबई और शारजाह, यूएई के लिए जीआई टैग युक्त वज़ाकुलम अनानास की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई गई।

इससे अनानास किसानों को अधिक आय अर्जित होगी और वैश्विक बाजार में उनके उत्पाद का अधिक प्रचार होगा।



## प्रोटेम स्पीकर बने अरविंदर सिंह लवली, एलजी सक्सेना ने राजनिवास में दिलाई शपथ

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुरू हो चुका है। भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली ने नवगठित विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। विधानसभा की पहली बैठक से पहले लवली को राज निवास में एलजी विनय कुमार सक्सेना ने यह शपथ दिलाई।सदन के सबसे वरिष्ठ विधायकों में से एक लवली अब नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। बाद में नए स्पीकर का चुनाव होगा और इस पद के लिए भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को चुना जा सकता है। वहीं डिप्टी स्पीकर के पद के लिए मोहन सिंह बिष्ट के नाम की चर्चा है। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को भी शपथ दिलाई जाएगी।दिल्ली विधानसभा सदन में शपथ ग्रहण का शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली। इनके बाद अब मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य शपथ ले रहे हैं। इनके बाद बारी-बारी से सभी अन्य विधायक 70 विधायक शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर अरविंद सिंह लवली ने कहा कि विधानसभा द्वारा तैयार किए गए लिखित प्रारूप के अनुसार ही सभी सदस्य शपथ लें। दिल्ली विधानसभा के पहले दिन दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह हमारी एक शुरुआत है। मैं उन्हें (आप नेता और नेता प्रतिद्वंद्वी आतिशी) बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले के विपरीत सकारात्मक सकारात्मकता के साथ काम करेंगे। एक-एक कर शपथ लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शपथ लेने के क्रम में पहले मंत्री शपथ ले रहे हैं। सिरसा ने पंजाबी में शपथ ली। वहीं पर कपिल मिश्रा ने संस्कृत में शपथ ली।

## दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, 7 की मौके पर मौत; कई घायल

पटना (आरएनएस)। बिहार के पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात एक ट्रक ने यात्रियों से भरे एक ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई। कुछ अन्य लोगों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस के अनुसार, देर रात मसौढ़ी थाना अंतर्गत स्थित नूरा पुल के पास एक ट्रक और एक ऑटो के बीच टक्कर होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, जहां सात व्यक्तियों की मृत्यु होने की पुष्टि हुई है।

बताया गया कि बालू लदे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक ऑटो के पूरी तरह ऊपर आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में सभी मजदूर बताए जाते हैं। बताया जा रहा है कि पटना से मजदूरी करके ये सभी तारेगना स्टेशन पर उतरे थे और फिर वहां से ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। इस बीच पितवांस की ओर से जा रहे एक बालू लदे ट्रक से ऑटो की टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों वाहन सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरे।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। सभी शवों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना में कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नजदीक के गांव से प्रत्येक दिन लोग मजदूरी करने के लिए पटना जाते थे और काम करके देर रात अपने घर लौट आते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यूएसएड से 7 प्रोजेक्ट के लिए 65 अरब फंड आया लेकिन वोटिंग बढ़ाने के लिए नहींजवित्त मंत्रालय की रिपोर्ट हुआ खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूएसएड फंडिंग पर वित्त मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में फंड से जुड़ी सारी डिटेल्स की जानकारी दी गई है कि यूएसएड ने कितनी फंडिंग और उस फंड का इस्तेमाल कहां कहां हुआ? फाइनेंस मिनिस्ट्री की रिपोर्ट में बताया गया है कि SAID ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 750 मिलियन डॉलर यानी करीब 65 अरब की फंडिंग की। इस दौरान वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के कोई फंडिंग नहीं की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, USAID की फंडिंग कृषि और खाद्य सुरक्षा, जल, स्वच्छता और साफ-सफाई, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजास्टर मैनेजमेंट और हेल्थ से संबंधित प्रोजेक्ट्स के लिए थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अमेरिका से 1951 में मदद मिलनी शुरू हुई थी। SAID की ओर से अब तक भारत को 555 प्रोजेक्ट के लिए 1700 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद मिल चुकी है। दरअसल, इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग यानी DOGE ने खुलासा किया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) ने भारत में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया था। एलन मस्क वाले डिपार्टमेंट DOGE के इस खुलासे के बाद भारत में सियासी घमासान छिड़ गया। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि हम भारत को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की मदद दे रहे हैं लेकिन हमारा क्या। उन्होंने ये भी कहा कि भारत को फंड की कोई जरूरत नहीं है। उसके पास बहुत ज्यादा पैसा है।

# ‘महाकुंभ’ को गाली देने वालों को कभी माफ नहीं करेगा बिहार : मोदी

भागलपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिना किसी का नाम लिए विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने महाकुंभ पर सवाल उठाने वाले लोगों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अयोध्या के राम मंदिर से चिढ़ने वाले अब महाकुंभ को भी कोस रहे हैं। उन्होंने बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वे किसानों की भलाई नहीं सोच सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां से देश भर के किसानों को खुशियों की सौगात देते हुए पीएम किसान सम्मान योजना की 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी गई। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। लाल किले से मैंने कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं, जिनमें गरीब,



हमारे अन्नदाता किसान, हमारे नौजवान और नारी शक्ति हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर यहां नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार हो, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में है। पहले जब बाढ़ आती थी, सूखा पड़ता और ओला पड़ता था, तो ये लोग किसानों को अपने हाल पर छोड़ देते थे। साल 2014 में जब आपने एनडीए को आशीर्वाद दिया, तब पीएम फसल बीमा योजना बनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हो या जंगलराज वाले हों, इनके लिए आप किसानों की तकलीफ कोई मायने नहीं रखती। हमने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी शक्ति से काम किया है। किसानों को खेती के लिए अच्छे बीज की व्यवस्था हो, पर्याप्त और सस्ती खाद या किसानों को सिंचाई की सुविधा, सभी क्षेत्रों में काम किए गए। पशुओं की बीमारी और आपदा से बचाव के लिए भी काम किए गए। एनडीए सरकार ने स्थिति को बदला है। हमने सैकड़ों आधुनिक किस्म के बीज किसानों को दिए। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था और यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। आज यूरिया प्रति बोरी 300 रुपये में मिलती है। उन्होंने महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि एनडीए गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली विकास को लेकर काम कर रही है। कुछ लोगों को धरोहरों और आस्था से भी नफरत है।



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर में पूजा की.

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और 6 मंत्रियों ने विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। विधानसभा का पहला सत्र सोमवार सुबह शुरू हुआ और सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ लेंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, रविंदर सिंह इंद्राज, पंकज कुमार सिंह और मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी शपथ ली। विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी सहित आम आदमी पार्टी (आप) के 22 विधायकों ने भी पहले सत्र के दौरान शपथ ली।

इससे पहले भाजपा के विधायक अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली थी।

दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने गांधी नगर के विधायक को राज निवास में शपथ दिलाई। अरविंदर सिंह चार बार विधायक रह चुके हैं। वह नए अध्यक्ष के चुने जाने तक अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे।

दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र तीन दिनों तक



चलेगा। सत्र की शुरुआत भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली ने प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ लेकर की। उपराज्यपाल (एल-जी) विनय कुमार सक्सेना ने राज निवास पर लवली को शपथ दिलाई।

विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव दोपहर 2 बजे होगा। विधानसभा बुलेटिन के अनुसार, उपराज्यपाल सक्सेना 25 फरवरी को सदन को संबोधित करेंगे। इसके बाद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी।

## इंदिरा गांधी पर टिप्पणी पर सियासी संग्राम : कांग्रेस का विधानसभा घेराव के लिए जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता, पुलिस ने कसी सुरक्षा की लगाम

जयपुर (आरएनएस)। इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी और छह विधायकों के निलंबन के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा का घेराव का ऐलान कर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ता 22 गोदाम स्थित सहकार भवन के पास जुटे और विधानसभा कूच की तैयारी में हैं। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और प्रदर्शनकारियों को सहकार भवन से आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा।

### सड़क पर बैरिकेडिंग, पुलिस ने बनाई सुरक्षा की दीवार

विधानसभा घेराव को देखते हुए 22 गोदाम सर्किल स्थित भारत पेट्रोल पंप से विधानसभा जाने वाले मार्ग पर दोहरी बैरिकेडिंग की गई है। इसी क्षेत्र में कांग्रेस का मंच भी बनाया गया है, जहां से नेता प्रदर्शनकारियों को संबोधित कर रहे हैं। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को पेट्रोल पंप से पहले ही रोकने की तैयारी कर ली है, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### राजनीतिक उठापटक : आखिर क्यों भड़की कांग्रेस?

मामले की जड़ में विधानसभा में हुई एक टिप्पणी है। 21 फरवरी को प्रश्नकाल के दौरान सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत ने इंदिरा गांधी को लेकर टिप्पणी की थी, जिस पर कांग्रेस भड़क उठी। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने वेल में जाकर हंगामा किया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही चार बार स्थगित करनी पड़ी।

### सियासी हलचल के 3 अहम पहलू :

**हंगामे की शुरुआत** : कांग्रेस ने विधानसभा के वेल में उतरकर विरोध जताया।

**सदन की कार्यवाही प्रभावित** : बार-बार स्थगन के चलते राजनीतिक गतिरोध बढ़ा।

**कांग्रेस विधायकों का निलंबन** : स्पीकर ने छह कांग्रेस विधायकों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस इसे भाजपा सरकार की तानाशाही करार दे रही है,

जबकि भाजपा का कहना है कि सदन की गरिमा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। अब देखना यह होगा कि कांग्रेस का यह आंदोलन क्या कोई नया राजनीतिक मोड़ लाता है या यह विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक प्रतीकात्मक दबाव तक सीमित रहेगा।

## पंजाब में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो प्रमुख गुर्गे गिरफ्तार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), मोहाली ने सीमा पार के आतंकी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका देते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी के आई) के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो सीधे तौर पर पाक-आधारित बीकेआई आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा और अमेरिका आधारित हैप्पी पासियन से जुड़े हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश सिंह उर्फ जग्गा निवासी जंगलात विभाग, हरिके पत्तन, थाना हरिके तरनतारन और शुभदीप सिंह औलख उर्फ शुभ निवासी गांव जोनेके, थाना चोहला साहिब, तरनतारन झुझार सिंह एवेन्यू, चौकी गुमटाला के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो .32 बोर पिस्तौल और पांच राउंड बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि उनके शुरुआती खुलासे के अनुसार, आरोपियों ने रिंदा के निर्देशों का पालन करते हुए 10 फरवरी, 2025 को नांदेड़, महाराष्ट्र में एक हत्या की और दूसरे को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## पंजाब स्कूल बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए 278 उड़न दस्ते तैनात

चंडीगढ (आरएनएस)। पंजाब स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने रविवार को बताया कि राज्य में 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के उद्देश्य से पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी) ने तीन-तीन सदस्यों वाले 278 उड़न दस्ते गठित किए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि उड़न दस्तों का नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), प्रिंसिपल, पीएसईबी के सदस्य और बोर्ड की अकादमिक परिषदों के सदस्य करेंगे। ये टीमें नकल रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। बैंस ने बताया कि राज्य में कक्षा 8, 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 8.82 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण संख्या विद्यार्थियों के शैक्षिक भविष्य को आकार देने में इन परीक्षाओं के महत्व को दर्शाती है।

## प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में कैदियों को गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा आज

रायपुरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों की भी इच्छाशक्ति होती है और वे भी गंगा स्नान का पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में 25 फरवरी को गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा। इस पहल के तहत सभी कैदियों को गंगा जल से स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर मिलेगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और यह हमारी परंपराओं का एक अभिन्न हिस्सा है। समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना के तहत यह निर्णय लिया गया है, जिससे कैदियों में आत्मशुद्धि और नैतिकता के भाव उत्पन्न हों।उन्होंने यह भी कहा कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है और हर व्यक्ति को इसका लाभ उठाने का अधिकार है। इसी सोच के तहत जेलों में बंद कैदियों को भी इस आध्यात्मिक अवसर से जोड़ा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जेल अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार कैदियों के सुधार और उनके पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

# 49 दिन में 599 लोगों का शिकार! रायपुर में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक, नगर निगम के उपाय फेल



रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दलदल सिवनी के आर्मी चौक के पास 19 फरवरी को उस समय हड़कंप मच गया, जब पता चला कि एक 6 साल के बच्चे पर कुत्तों ने बुरी तरह हमला कर दिया है. 6 साल के वाशु कश्यप पर तीन कुत्तों का हमला इतना भयावह ता कि मासूम के सिर से चमड़ी तक निकल गई. शरीर पर 100 से ज्यादा छोटे-बड़े जख्म हो गए. निजी अस्पताल में इलाज के बाद अब बच्चे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है. हालांकि डॉग बाइट का रायपुर में ये पहला मामला नहीं है, इससे पहले 12 फरवरी को रायपुर के देवेन्द्र नगर इलाके में आवारा कुत्तों ने 8 साल की बच्ची पर हमला कर दिया था. वहीं खड़े युवक ने बच्ची की जान बचाई थी. परिजनों ने बच्ची को अंबेडकर अस्पताल ले जाकर इंजेक्शन लगवाया था.

### चिंताजनक हैं आंकड़े

रायपुर के सरकारी अस्पताल से मिले आंकड़ों के मुताबिक जिले में डॉग बाइट के मामले चिंताजनक हैं. साल 2025 में 1 जनवरी से 18 फरवरी तक हर दिन औसतन करीब 12 लोगों को कुत्तों ने काटा है. इन 49 दिनों में डॉग बाइट के 599 मामले सिर्फ सरकारी अस्पताल में पहुंचे. निजी अस्पतालों के भी आंकड़े जुटाए जाएं तो यह संख्या काफी बढ़ सकती है. यह हालात तब हैं जब रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा हर साल लगभग 15 लाख रुपये आवारा कुत्तों के बधियाकरण पर खर्च करने का दावा किया जाता है.रायपुर नगर निगम में हर वर्ष करीब 15 लख रुपए कुत्तों के बधियाकरण पर खर्च किए जाते हैं. रायपुर नगर निगम का दावा है कि साल 2018 से 2024 तक कुल 30000 कुत्तों का बाधियाकरण किया गया है. साल 2024 में निगम क्षेत्र में 5035 कुत्तों का बधियाकरण करने का दावा है. रायपुर में जनवरी 2025 में 366 और फरवरी में 18 तारीख तक 233 कुत्ते काटने के मामले सामने आ चुके हैं. साल 2023 के मुकाबले साल 2024 में 47% डॉग बाइट के मामले बढ़े हैं. साल 2023 में रायपुर में 1929 और साल 2024 में 2832 डॉग बाइट के मामले सामने आए.

### रायपुर ही नहीं अन्य शहरों में भी है डॉग्स का आतंक

छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी डॉग बाइट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं.रायपुर नगर निगम की ओर से आवारा कुत्तों के लिए सोनडोंगरी में लाखों रुपए की लागत से डॉग शेल्टर हाउस का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है. हालांकि प्रशासन का दावा है कि आवारा कुत्तों से होने वाले नुकसान को कम करने जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं. प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का कहना है कि नगर प्रशासन को इसके लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं. योजनाबद्ध तरीके से इसपर काम किया जा रहा है.

## जयपुर में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस का ऑपरेशन सफल

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर (पूर्व) की पुलिस उपायुक्त तेजस्विनी गौतम (भा.पु.से.) ने बताया कि पुलिस आयुक्त बिजु जॉर्ज जोसेफ के निर्देश पर जयपुर शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन बजपवद हंपदेज शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए थे।

इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आषाराम चौधरी और सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार के निर्देशन में थानाधिकारी अरुण चौधरी और उप निरीक्षक मदरूप राम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शिवराज सिंह चौहान (उम्र 20 वर्ष), निवासी गांव रामपुरा, थाना सेवर, जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 अवैध जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25(1ख)(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से कारतूसों के स्त्रोत के बारे में गहन पूछताछ कर रही है।

जयपुर पुलिस का अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# खनन विभाग की छापेमारी, 4.22 लाख की वसूली

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशा-निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने महेंद्रगढ़ के नारनौल में राजस्थान से अवैध तरीके से पत्थर ढोते एक डंपर को पकड़ा और जुर्माना राशि की वसूली की गई।खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि जिला महेन्द्रगढ़ में पंचकूला मुख्यालय से आई उच्च अधिकारियों की टीम ने खनिज के अवैध खनन व उसके अवैध परिवहन को लेकर तीसरे दिन भी छापेमार कार्रवाई जारी रखी। प्रवक्ता ने बताया कि रातभर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से पत्थर ढो रहे एक डंपर को पकड़ा जोकि राजस्थान से अवैध तरीके से पत्थर ला रहा था।

अधिकारियों की टीम द्वारा दिनभर इस मामले में कार्रवाई करते हुए लगभग 4.22 लाख रुपए की वसूली की गई। उन्होंने सभी क्रेशर संचालकों को भी चेतावनी दी है कि अगर वे अवैध पत्थर की पिसाई करते मिलेंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## अमेरिका से डिपोर्ट हुए 12 भारतीयों को लेकर आया विमान, इस बार दिल्ली में हुई लैंडिंग

नई दिल्ली (आरएनएस)। - अमेरिका से डिपोर्ट किए गए 12 भारतीयों को लेकर एक विमान रविवार को दिल्ली पहुंचा। इन भारतीयों को अमेरिका ने निकालने के बाद पनामा भेज दिया था, जहां से वे वापस अपने देश लाए गए। यह चौथा विमान है, जो अवैध प्रवासियों को लेकर भारत आया है। इस बार विमान की लैंडिंग राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुई। 12 में से चार पंजाब के रहने वाले थे, जिन्हें बाद में फ्लाइट के जरिए पंजाब भेजा गया। इन सभी 12 लोगों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। यह पनामा से वापस लाए जाने वाले भारतीयों का पहला जत्था है, इससे पहले अमेरिका ने लगभग 299 अवैध अप्रवासियों को वापस भेजा था, जो अमेरिकी धरती पर प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। पनामा और कोस्टा रिका निर्वासित प्रवासियों को वापस भेजने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस प्रयास के तहत, अमेरिका विभिन्न एशियाई देशों से अवैध प्रवासियों को इन मध्य अमेरिकी देशों में स्थानांतरित कर रहा है - जिन्होंने या तो घर लौटने से इनकार कर दिया है या जिनकी सरकारों ने उन्हें स्वीकार करने से इनकार किया है।

## खूबसूरत साड़ी पहन सान्या मल्होत्रा ने दिखाई दिलकश अदाएं, कातिलाना अदाओं से इंटरनेट पर लूटी लाइमलाइट



बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा अक्सर अपनी खूबसूरती से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में उनकी दिलकश अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

दंगल गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी दिलकश अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।सान्या मल्होत्रा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही खूबसूरत पिंक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी सुंदर और हसीन नजर आ रही हैं। उनका यह कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से दीवाने हो गए हैं।बालों को बांधकर, सटल बेस मेकअप कर के एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये स्टनिंग अवतार इंटरनेट पर बवाल मचा रहा है।इंडियन हो या वेस्टर्न आउटफिट एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा अपने हर एक लुक में बेहद खूबसूरत नजर आती हैं। फैंस भी उनके हर एक लुक को काफी फॉलो करते हैं।सान्या मल्होत्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# तीन दिग्गज़ निर्देशकों के साथ काम करना चाहती है मधुरिमा तुली

***पिछले कुछ वर्षों में मधुरिमा तुली ने एक कलाकार के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए बहुत मेहनत की है। टीवी डेली सोप से लेकर रियलिटी शो, म्यूजिक वीडियो, ओटीटी और यहां तक कि फिल्मों का हिस्सा बनने तक, वास्तव में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसे मधुरिमा तुली ने एक कलाकार के रूप में अभी तक टैप नहीं किया है। मधुरिमा को हमेशा एक कलाकार के रूप में उनकी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है और इसलिए उनके पास शोबिज की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ के साथ काम करने के लिए सब कुछ है।***

मधुरिमा, जो पहले बेबी, नाम शबाना और अन्य जैसी सफल परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं, से हाल ही में 3 निर्देशकों के बारे में पूछा गया था जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं।

इम्तियाज अली: वह व्यक्ति अपने स्वभाव और ऑन-स्क्रीन प्रतिभा के लिए जाना जाता है और जिस तरह से वह मनोरंजन और जीवन के एक टुकड़े के साथ एक सकारात्मक वाइब का मिश्रण करता है, वह वास्तव में दुर्लभ है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह हमेशा



अभिनेताओं की सूची में उन सपनों के निर्देशकों में से एक के रूप में होते हैं जिनके साथ काम करना चाहिए।

करण जौहर: उनकी फिल्मों में हमेशा जीवन से बड़ा माहौल रहा है, जिसमें सौम्य और फैशन का मिश्रण होता है और उन्हें देश के सबसे बड़े निर्देशकों और निर्माताओं में से एक माना जाता है और उनका सम्मान किया जाता है। उन्होंने अतीत में अपनी फिल्मों के साथ जादू किया है और उनकी नवीनतम सफलता रॉकी और रानी... इसे पार्क से बाहर निकालने में भी कामयाब रही। वह एक नायिका की संवेदनशीलता और भावनाओं को समझते हैं और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि किसी भी अभिनेत्री के लिए उनके द्वारा निर्देशित फिल्म का हिस्सा बनना पूरी तरह से एक अलग खुशी है। संजय लीला भंसाली: अंतिम लेकिन निश्चित रूप से कम से कम, हम खुद जादूगर के बारे में बात कैसे नहीं कर सकते? वास्तव में इस देश में कोई अन्य निर्देशक नहीं है जो महिलाओं को पर्दे पर संजय लीला भंसाली की तरह अधिक गरिमा, उत्साह, तेज-तर्रारता और आकर्षण के साथ प्रस्तुत करता हो। सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा और सौंदर्य के साथ एक मजबूत कला निर्देशन हमेशा एक निर्देशक के रूप में उनकी ताकत रहा है और इसलिए, कोई भी अभिनेत्री अपने जीवन के लिए उन पर भरोसा कर सकती है अगर उन्हें उनके द्वारा निर्देशित होने का अवसर मिलता है। कोई आश्चर्य नहीं, वह उसकी इच्छा सूची में बहुत अधिक है। खैर, मधुरिमा के पास जिस तरह की प्रतिभा और क्षमता है, उसे वास्तव में सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ के साथ काम करने की जरूरत है क्योंकि जहां तक प्रदर्शन का संबंध है, केवल उन्हीं के पास उससे सर्वश्रेष्ठ निकालने की क्षमता होगी।

# बॉक्स ऑफिस पर नहीं रुक रही छावा की आंधी, 400 करोड़ के करीब विक्की कौशल की फिल्म




वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई विक्की कौशल की छावा पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं. छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता की गाथा लोगों के दिलों में छा गई है साथ ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. दूसरे संडे से पहले ही फिल्म ने वर्ल्डवाइड 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था और अब फिल्म ये वीकेंड खत्म होने तक 400 करोड़ का आंकड़े से कुछ कदम ही दूर है.

विक्की कौशल की फिल्म ने रिलीज के 9वें दिन 87.23त्न की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए 44 करोड़ की कमाई की है. इसके साथ फिल्म नौ दिनों में 286.75 करोड़ का घरेलू कलेक्शन कर लिया है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन का आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है लेकिन 8 दिनों में छावा ने 338.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. 9वें दिन फिल्म 400 करोड़ (अनुमानित) के आसपास होगी.

दिलचस्प बात ये है कि छावा, उरी द सर्जिकल स्ट्राइक को पछाड़कर विक्की कौशल की सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है. उरी का लाइफटाइम कलेक्शन 245.36 करोड़ रूपये था वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन 342.06 करोड़ रहा था. इस हिसाब से छावा विक्की के करियर की बिगेस्ट हिट बन गई है.

छावा के साथ बॉक्स ऑफिस पर हाल ही में रिलीज हुई अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की मेरे हसबैंड की बीवी चल रही है. ये फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. लेकिन छावा की कमाई पर इसका कोई असर नहीं पड़ा. इसके अलावा थिएटर में साउथ फिल्म थंडेल, कैप्टन अमेरिका और सनम तेरी कसम (री रिलीज) भी चल रही है. लेकिन छावा की कमाई की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है.

छावा छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और साहस की कहानी है जिसमें विक्की कौशल ने लीड रोल निभाया है. फिल्म में रश्मिका मंदाना ने छत्रपति महाराज की पत्नी येसूबाई भोंसले की भूमिका निभाई है वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है. इनके अलावा फिल्म में दिव्या दत्ता, आशुतोष राणा, विनीत कुमार सिंह, डायना पेंटी ने अहम रोल प्ले किया है.

## राणा दग्गुबाती-प्रियदर्शी की फिल्म को मिला टाइटल, आनंदी-सुमा कनकला भी आएंगे नजर

फिल्म लीडर से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले साउथ अभिनेता राणा दग्गुबाती ने बाहूबली में भल्लालदेव के किरदार से दर्शकों के बीच अमिट छाप छोड़ी है। राणा जल्द ही प्रियदर्शन की फिल्म में नजर आएंगे, जिसका टाइटल नाम सामने आ चुका है।

अप्रैल 2024 में, श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी (एसवीसीएलएलपी) ने प्रियदर्शी अभिनीत एक रोमांचक नई परियोजना की घोषणा की जा चुकी है, लेकिन उसका टाइटल तय नहीं हुआ था। यह फिल्म अब चर्चा में है क्योंकि निर्माताओं ने इसके शीर्षक का खुलासा किया है। फिल्म का टाइटल है प्रेमांटे। टैगलाइन थ्रिल-यू प्रासिरस्तु के साथ, फिल्म में आनंदी मुख्य महिला भूमिका में हैं, जबकि लोकप्रिय तेलुगु एंकर सुमा कनकला एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।प्रेमांटे का परिचय। थ्रिलर फिल्म है। एक अनोखी प्रेम कहानी की विशेषता-प्रियदर्शीपीएन और आनंदी अभिनेत्री के साथ इट्ससुमाकनकला द्वारा निर्देशित एक महत्वपूर्ण भूमिका में। लियोनड्डजेम्स द्वारा रोमांचक संगीत

यह परियोजना नवनीत श्रीराम के निर्देशन की पहली फिल्म और जाह्नवी नारंग की पहली प्रोडक्शन वेंचर है, जिन्हें हाल ही में पावर वुमेन 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शीर्षक के अनावरण के बाद एक भव्य पूजा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकार, क्रू और विशेष अतिथि शामिल हुए। फिल्म के मुख्य अभिनेता राणा दग्गुबाती ने फिल्म को लेकर अपनी खुशी जताई था, जबकि संदीप रेड्डी वांगा ने कैमरा चालू करके परियोजना को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया।

## सनम तेरी कसम ने रचा इतिहास, तुम्बाड को पछाड़ बनी बिगेस्ट री-रिलीज फिल्म




वैलेंटाइन वीक की शुरुआत में 7 फरवरी को सिनेमाघरों में री-रिलीज हुई सनम तेरी कसम ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है. हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म 50 करोड़ का आंकड़ा छूने वाली पहली री-रिलीज बन गई है. इसके आसपास और साथ में कई फिल्में रिलीज हुईं लेकिन सनम तेरी कसम की कमाई और दर्शकों के प्यार पर इसका कोई असर नहीं पड़ा.

हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की रोमांटिक फिल्म दर्शकों को थिएटर तक लाने में कामयाब रही. फिल्म ने री-रिलीज होने के 20 दिन के अंदर ही दुनियाभर में 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 53 करोड़ की कमाई कर ली है. घरेलू कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने इंडिया में नेट 41.05 करोड़ का कलेक्शन किया है. इस कलेक्शन के साथ ही फिल्म ने तुम्बाड की री-रिलीज को भी पीछे छोड़ दिया है. तुम्बाड ने री-रिलीज में वर्ल्डवाइड 52.25 करोड़ का कलेक्शन किया था और इंडिया में इस फिल्म ने 32 करोड़ कमाए थे.

हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की सनम तेरी कसम साल 2016 में रिलीज हुई थी लेकिन उस वक्त यह फ्लॉप रही. फिल्म का बजट 14 करोड़ है वहीं फिल्म का घरेलू लाइफटाइम कलेक्शन 9.1 करोड़ था. फिल्म की री-रिलीज ने इस कलेक्शन को 2 दिन में ही धूल चटा दी थी.

# काम के दौरान थकान होने पर लें जापानी इनेमुरी झपकी, जानिए इसका तरीका और फायदे



रोजाना ऑफिस में काम करते-करते थकान होना लाजमी है। इसके कारण ऊर्जा कम हो जाती है, तनाव बढ़ने लगता है और उत्पादकता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

हालांकि, काम के बीच केवल ब्रेक लेकर थकान को मिटाया नहीं जा सकता है। ऐसे में आप जापान की एक लोकप्रिय प्रथा को अपना सकते हैं, जिसे इनेमुरी झपकी यानि इनेमुरी नैप कहा जाता है।

आइए इसके फायदे और करने का तरीका जानते हैं।

### क्या होती है इनेमुरी झपकी?

इनेमुरी भीड़-भाड़ वाली जगहों पर झपकी लेने की एक सदियों पुरानी जापानी तकनीक है। इसके दौरान कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर ही आराम करते हैं।

यह प्रथा इसलिए शुरू की गई थी, क्योंकि जापान में लंबे समय तक काम करना आम माना जाता है और कर्मचारियों को आराम का समय नहीं मिल पाता है।

इनेमुरी में छोटी-छोटी झपकियां लेना शामिल होता है, जो दिमाग को तारों-ताजा करने और ऊर्जा को बढ़ाने में मदद करती हैं।

### कैसे करें इनेमुरी झपकी का अभ्यास?

इनेमुरी झपकी लेने से पहले अपने मोबाइल में टाइमर लगा लें, ताकि आप देर तक न सो जाएं। अब एक आरामदायक अवस्था में बैठ जाएं और अपनी आखों को बंद कर लें।

अपने शरीर और दिमाग को आराम देने के लिए गहरी सांसें लें, जिसके बाद आपको नींद आ जाएगी। 15 से 20 मिनट की झपकी के बाद धीरे-धीरे आखें खोलें और स्ट्रेचिंग करें।

जब आप अपनी झपकी से उठेंगे तो आपको ऊर्जावान और सक्रीय महसूस होगा।

### इनेमुरी झपकी के फायदे

इनेमुरी के दौरान छोटी-छोटी झपकियां ली जाती हैं, जो आपको अधिक सतर्क और केंद्रित महसूस करने में मदद कर सकती हैं।

इस प्रथा के जरिए कोर्टिसोल के स्तर को कम किया जा सकता है, जो तनाव पैदा करने वाला हार्मोन होता है।

साथ ही, इस तकनीक को अपनाने से आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ सकती है, तनाव से छुटकारा पाया जा सकता है और मूड भी बेहतर हो सकता है।

आप खुश रहने के लिए ये जापानी आदतें अपना सकते हैं।

क्या इस प्रथा के जरिए दूर होता है ब्रेन फॉग?

इनेमुरी प्रथा ब्रेन फॉग को दूर करने का एक प्रभावी उपाय हो सकता है।

ब्रेन फॉग का मतलब होता है ऐसी स्थिति, जिसके दौरान दिमाग काम करना बंद कर देता है, चीजों को समझना मुश्किल हो जाता है और सक्रियता कम हो जाती है।

हालांकि, एक शोध में कहा गया है कि छोटी-छोटी झपकियां लेने से सजगता, उत्पादकता और संज्ञानात्मक क्षमताएं बढ़ जाती हैं।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि इनेमुरी झपकी के दौरान दिमाग को आराम मिल जाता है।

# लड़कियां हाई हील्स पहनते समय अपनाएं ये टिप्स, दिखेंगी स्टाइलिश नहीं होगा पैरों में दर्द

***हाई हील्स आजकल लड़कियों के लिए फैशन स्टेटस बन चुकी हैं.स्टाइलिश दिखने और कॉन्फीडेंट बूस्ट करने के लिए महिलाएं ट्रेंडिंग हाई हील्स पहनती हैं. कुछ लड़कियां डेली लाइफ में हील्स कैरी करती हैं. वहीं कुछ किसी खास मौके पर इन्हें पहनना पसंद करती हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि वो कई बार इसमें कंफर्टेबल नहीं हो पाती हैं. हील्स पहनने के बाद उन्हें थोड़ी देर बाद ही पैरों में दर्द और खिंचाव होने लगता है.ऐसे में वो न केवल असहज हो जाती हैं बल्कि हील्स को जल्दी से जल्दी पैरों में से उतारने की कोशिश करती हैं. लेकिन आप कुछ टिप्स अपनाकर इन परेशानियों से बच सकती हैं. इसके साथ ही अपने लुक को इंनहेंस भी कर सकती हैं.***

### पम्प्स हील्स से करें शुरूआत

अगर आपको हील्स पहनने की आदत नहीं है तो आप पम्प्स हील्स पहनने से शुरुआत करें. पम्प्स हमेशा ट्रेंड में रहती हैं. इसकी खासियत ये है कि पम्प्स लगभग सभी ड्रेसों पर स्टाइलिश लगते हैं. शुरूआत दिनों में हील्स पहनने के लिए हमेशा 2-3 इंच लम्बी हील ही खरीदें. हील्स की आदत पड़ने पर आप 4-5 इंच लम्बी हील्स को ट्राई कर सकती हैं.

### पैर दर्द से बचने के लिए सही साइज खरीदें

अगर आप हाई हील्स पहनने के बाद पैर के दर्द से बचना चाहती हैं तो इन्हें खरीदते समय अपने पैरों के साइज पर ध्यान देना न भूलें. इसके लिए किसी अच्छे ब्रांड की हाई हील्स का ही चुनाव करें. अपने साइज के मुताबिक ब्रांडेड हाई हील्स पहनना आपके लिए काफी कंफर्टेबल साबित हो सकता है.

### धीरे-धीरे शुरू करें प्रैक्टिस

अगर आपने कभी हाई हील्स नहीं पहनी हैं तो शुरुआत में इन्हें थोड़ी-थोड़ी देर पहनने की आदत डालें. इससे आपका कॉन्फीडेंस भी बढ़ने लगता है. इसलिए किसी मौके पर हाई हील्स पहनने के पहले इसे घर पर पहनकर प्रैक्टिस कर लें. साथ ही हाई हील्स पहनने से पैरों में दर्द होने



पर पैरों की सिकाई करें.

### पेंसिल की जगह खरीदें ब्लॉक हील

अगर आपको हाई हील्स पहनने की आदत नहीं है तो शुरुआत में पेंसिल की जगह ब्लॉक हील खरीदें. ब्लॉक हील्स काफी आरामदायक होती है. पहली बार में पेंसिल हील पहनना खतरनाक हो सकता है. साथ ही हील्स पहनने के बाद अंगूठे के बजाए एड़ी पर जोर देते हुए चलने का प्रयास करें.

# नर्मदापुरम जिला मेलों का जिला है-कलेक्टर

## संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का हुआ समापन

नर्मदापुरम (निप्र)। रामजी बाबा मेला का समापन कलेक्टर की उपस्थिति में सोमवार को हुआ। कलेक्टर और नपाध्यक्ष नीतू यादव ने झूला भी झूला। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी इस मेले का संचालन करने के लिए मेहनत करते हैं। नजर बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम जिला मेलों का जिला है। पूरे वर्ष विभिन्न त्यौहारों परए तिथियों पर मेले का आयोजन होते रहते है। सुविधाजनक मेले का आयोजन नगरपालिका सुनिश्चित करती है। घाटों पर किसी प्रकार की घटना घटित न हो टीम लगी रहती है। हमारे जिले की तासीर ही ऐसी है कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग करते हैं। बहुत शांत प्रिय जिला है शांति प्रिय लोग है। सफल समृद्ध समाज है।कार्यक्रम में स्वागत भाषण नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा दिया गया। मेले के बेहतर संचालन की जानकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन राहुल गौर ने किया और आभार प्रदर्शन भाजपा नेता हंस राय ने व्यक्त किया। मेला समापन पर सिटी मजिस्ट्रेट ब्रजेंद्र रावत, रामजीबाबा समाधि के डॉ विजय महंत, सभापति पार्षद विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव सहित मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्वमंडल अध्यक्ष रोहित गौर सहित भाजपा नेतागण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने झूला झूला'

कलेक्टर ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटलेए नपा के उपयंत्री, सभापतिगण, पार्षदगणों ने मेले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे बड़े झूले में बैठकर झूले का आनंद लिया।

### प्रतियोगी हुए सम्मानित

नगरपालिका द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। साथ ही मां नर्मदा को स्वच्छ रखने घाट पर साफ सफाई अभियान चलाने वाले स्वयंसेवी संगठनों नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी, व्यवस्थापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्मृति चिह्न देकर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

# महादेव मेला 2025 : शिवमय हुई सतपुडा की रानी

*-चौरागढ़ महादेव एवं जटाशंकर के दर्शन हेतु 1.5 लाख श्रद्धालु पहुंचे, प्रशासन ने की पुख्ता व्यवस्थाएं*

*-ड्यूटी में लापरवाही पर दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी*

नर्मदापुरम (निप्र)। महादेव की पवित्र नगरी पचमढ़ी में महाशिवरात्रि मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह मेला दिनांक 17 फरवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु भगवान चौरागढ़ महादेव एवं जटाशंकर के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अब तक लगभग 1,50,000 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालु नांदिया जंक्शन होते हुए भी चौरागढ़ महादेव तक पहुंच रहे हैं।

### व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण

महादेव मेला समिति के अध्यक्ष सुजान सिंह रावत एवं सचिव श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव द्वारा लगातार मेला क्षेत्र – महादेव, गुप्त महादेव, बीड क्षेत्र, सीता नहानी, नांदिया जंक्शन एवं चौरागढ़ स्थल का पैदल निरीक्षण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु प्रत्येक मेडिकल कैंप में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारू



बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, पानी की आपूर्ति, सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रबंधन

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस विभाग के 550 जवान, जिला डिस्ट्रीक होमगार्ड एवं सिविल वालंटियर्स के 80 जवान, जिला स्वास्थ्य विभाग के 74 चिकित्सा अधिकारी, राजस्व विभाग के 56 कर्मचारी, साडा के 45 कर्मचारी, वन विभाग के 110 कर्मचारी एवं विद्युत विभाग के 26 कर्मचारी विभिन्न स्थलों पर तैनात किए गए हैं।

### अनुपस्थित कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई

मेले के दौरान ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए दो कर्मचारियों के विरुद्ध अपर कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा कार्यवाही की गई है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

महाशिवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रशासन एवं मेला समिति द्वारा मेले को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के दर्शन कर सकें।

# साहित्य का रचना कर्म कभी भी श्रेय और प्रेय की प्राप्ति के लिए नहीं होता-दवे

नर्मदापुरम (निप्र)। साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा प्रदेश के युवा रचनाकारों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सृजनात्मक कार्यशाला कौशल्या कुटी में आयोजित हुई। अकादमी के निदेशक डा विकास दवे ने कहा की साहित्य की रचना करते समय हम अपनी राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक गौरव बोध को कभी विस्मृत ना करें। साहित्य का रचना कर्म कभी भी श्रेय और प्रेय की प्राप्ति के लिए नहीं होता अपितु राष्ट्र देवता और समाज देवता की पूजा अर्चना में अर्पित किए हुए ताजा पुष्प की तरह होता है। यदि हमने अपने रचनाकर्म का उपयोग निजी हित के लिए किया तो यह एक प्रकार का प्रज्ञा अपराध होगा। हमें अपने साहित्य धर्म का निर्वाह करते हुए सदैव राष्ट्र के परम वैभव के स्वप्न को अपनी आंखों के सामने रखते हुए ही रचना कर्म संपन्न करना है। नई पीढ़ी के आप सब रचनाकार अपने राष्ट्रीय स्वाभिमान और संस्कृति के प्रति गौरव की भावना को कभी भी नजर अंदाज न होने दें यही आज के युग की प्रथम आवश्यकता है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत के महामंत्री आशुतोष शर्मा ने जाति प्रथा कलंक है युवा विमर्श जिले में हों। सांस्कृतिक पर विचार व्यक्त किए विचारधार को बढ़ाने के लिए अध्ययन जरूरी है। फिल्मों में नास्तिकता को बढ़ावा देते हैं। भारत के बढ़ते कदमों को रुकने नहीं देना है।

सनातन का सामर्थ्य है कि विश्व को शांति के मार्ग पर ले जा सकता है। पंच परिवर्तन की जीवन में उतारेंए सिर्फ भाषण तक सीमित नहीं रखें। घनश्याम मैथिल ने लघुकथा पर कहां की कथा अंत तक बांधी रहती हैंएलघुकथा में कथा तत्व होना अनिवार्य हैं इसमें एकबार में एक घटना का पूरा विवरण होना चाहिए। प्रत्येक विधा अपने आप में पूर्ण हैं एवं आवश्यक हैं लघुकथा फिलर नहीं बल्कि किलर का काम कर रही हैं। लघुकथा कम शब्दों में विशिष्ट एवं बड़ी बात हम कह सकते हैं। इस दौरान अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने साहित्य और संगठन विषय पर अपने विचारों से युवा कवियों को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये युवा कवि साहित्यकार उपस्थित रहे। संचालन आरती शर्मा ने व्दितीय सत्र का संचालन सौरव यादव एवं आभार केप्टिन करैया ने किया।

# सभी अनुविभागीय अधिकारी मेले एवं पर्वों की सतत रूप से मॉनिटरिंग करते रहें, कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ उचित भीड़ प्रबंधन भी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



## बोर्ड परीक्षाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते संबंधित अधिकारी

नर्मदापुरम (निप्र)। आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर जिले में लगने वाले मेलो एवं आयोजनों के दौरान समस्त अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ-साथ उचित भीड़ प्रबंधन भी सुनिश्चित करें साथ ही मेला क्षेत्र की लगातार मॉनीटरिंग भी करते रहें। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने समय सीमा की बैठक के दौरान सभा कक्ष में उपस्थित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि उक्त स्थानों पर जमीनी स्तर पर सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी भी निरंतर क्षेत्रों का भ्रमण करते रहें। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेला आयोजन वाले समस्त स्थान पर उचित जल प्रबंधन, आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं, बेहतर परिवहन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस भी तैनात करें। साथ ही नगर पालिका अमला ऐसे समस्त स्थान पर अग्निशमन वाहन भी तैयार रखें जिस से किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयारी पुख्ता रहे। कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर प्रतिदिन यात्रियों की रिपोर्ट लें। इस रिपोर्ट में यात्रियों की संख्या, उनके यात्रा के उद्देश्य और अन्य संबंधित जानकारी को इकट्ठा करें। इसके साथ ही, कलेक्टर ने निर्देश दिये कि कुंभ मेले के दृष्टिगत यात्रियों की संख्या में किस प्रकार की वृद्धि हो सकती है, इसका आकलन भी किया जाए। उन्होंने समस्त एसडीएम को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन पर भीड़ का प्रबंधन सही तरीके से हो और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयार रहें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि एसडीएम यह विस्तृत जानकारी एकत्रित करें कि उनके क्षेत्र में कितने लोग रोड या ट्रेन के माध्यम से कुंभ मेले में जा रहे हैं।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी एसडीएम को अपने सबडिवीज़न में यात्रा करने वाले यात्रियों की पूरी जानकारी एकत्रित करनी होगी, जिससे किसी भी प्रकार की स्थिति का सामना किया जा सके और समुचित प्रबंधन किया जा सके। जिले में आयोजित होने वाली 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं की समस्त तैयारी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही एवं लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के लिए संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन पूरी समर्पणता से करें। समस्त अनुविभागी अधिकारी अपने-अपने अनुविभाग में बोर्ड परीक्षाओं के लिए चयनित शालाओं का भ्रमण कर समस्त आवश्यक व्यवस्थाओ के साथ, मंडल द्वारा जारी नियमों का अक्षरशः पालन करवाया जाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि यह भी सुनिश्चित किया जाए की समस्त केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि समयानुरूप उपस्थित हो जाएं। इस दौरान शिक्षा विभाग की टीम भी अलर्ट मोड पर रहे। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय योजना का नियमित रूप से रिव्यू करते रहें तथा विभागीय समितियां की समीक्षा बैठकें भी समय-समय पर आयोजित की जाती रहे तथा हर विभाग अपनी विभागीय योजनाओं में बेहतर स्थिति प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# अधूरी पड़ी नल जल योजनाओं का कार्य पूर्ण कराएं : कमिश्नर श्री तिवारी

## आगामी त्योहारों को देखते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रहे

## स्कूल की परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से हो, नकल पर लगे प्रभावी अंकुश



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिए की वह अपने जिलों की आधी अधूरी नल जल योजना को प्राथमिकता से पूरा कराए, जिन स्थानों पर जल स्रोत सूख रहे हैं वहां पर राइजर पाइप डालकर पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की पुराने जीर्ण-शीर्ण जल स्रोतों का भी पुर्णोद्धार कर पुनर्जीवित किया जाए। सूख चुके कुंए बावड़ी हैंडपंप यहां पर सभी आवश्यक संसाधन लगाकर इन्हें पुनर्जीवित करते हुए पेयजल योग्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जल स्रोतों को चिन्हित कर अधिकारियों के साथ बैठक कर इन्हें चालू अवस्था में रखा जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जहां पर पेयजल परिवहन की व्यवस्था की जानी है वह स्थान अभी से चिन्हित कर लिए जाएं। जहां पर ट्यूबवेल एवं बोर फेल हो रहे हैं वहां पर भी पानी की वैकल्पिक स्रोतों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बताया गया कि बैतूल में 19 बसाहटों में पेयजल की समस्या आगामी दिनों में उत्पन्न होगी। वहां पर पेयजल परिवहन कर व्यवस्था बनाई जाएगी। नर्मदापुरम में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति ठीक है लेकिन कुछ चिन्हित शहरी क्षेत्र में पेयजल परिवहन की स्थिति बन सकती है। कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन में हर घर नल कनेक्शन की स्थिति एवं किए जा रहे कनेक्शन की पोर्टल में एंट्री अनिवार्य रूप से की जाए और आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल का संकट उत्पन्न ना हो इसकी कार्य योजना अभी से बना ली जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की गेहूं उपार्जन में शासन द्वारा दिए गए निर्देश एफ ए क्यू का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। किसानों को समझाइश दी जाए कि वे स्वच्छ एवं साफ सुथरा गेहूं लेकर ही उपार्जन केन्द्रों तक आए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर्स कृषि विभाग, खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिदिन संक्षिप्त समीक्षा बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दें एवं उनकी योजनाओं की समीक्षा कर फीडबैक लेवे। कमिश्नर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र सभी गर्भवती माता, धात्री माता एवं कुपोषित बच्चों का लेखा-जोखा रखें एवं सभी को विभाग की योजनाओं से मिलने वाले लाभ से लाभान्वित करें।

# पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 19 वीं किश्त हस्तांतरण कार्यक्रम संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार 24 फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19वीं किश्त के हस्तांतरण कार्यक्रम में देशभर के किसानों को भागलपुर, बिहार से संबोधित किया और 19वीं किश्त का डिजिटल हस्तांतरण किया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19वीं किश्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एवं किसानो के लिए चलायी जा रही योजनाओं से सम्बंधित तकनीकी व्याख्यान का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर, नर्मदापुरम में किया गया, जिसमे जिले के 126 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंदनगर के सदस्य अनिल बरोलिया द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई ततपश्चात कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख कार्य एवं केंद्र में स्थित सभी उत्पाद एवं प्रदर्शन इकाई के बारे में जानकारी प्रदान की गई, साथ ही जिले में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रिय प्राकृतिक खेती मिशन एवं परम्परागत कृषि विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कृषि विभाग से पधारे सहायक संचालक कृषि, जे. एल. कास्दे द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना एवं अन्य योजनाएं किसानों की आय में वृद्धि करने में सहायक हैं।

# कर्मचारियों के हित को लेकर मजदूर संघ कोर्ट की शरन में जाएगा : महेश वर्मा

## मासिक वेतन,भुगतान, उपादान हित लाभ, सेवानिवृत्त सम्मान राशि को लेकर परेशान रहते हैं कर्मचारी

नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध नपा मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग मंत्रालय के स्पष्ट आदेश है कि प्रत्येक माह के पहले दिन श्रमिक कर्मचारियों को उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए मासिक वेतन का भुगतान किया जावे। दिनांक 15-01-2020 में नगरपालिका ने मजदूर संघ से समझौता किया था कि प्रत्येक माह के दसवें दिन दिन कि समयावधि में सभी कर्मचारी श्रमिकों को मासिक वेतनो का भुगतान कर दिया जावेगा परंतु बड़े ही खेद का विषय है कि नगरपालिका के द्वारा मासिक वेतनों के भुगतान में शासन के आदेश व मजदूर संघ से किये गये समझौते की लगातार प्रतिमाह अवहेलना करके आर्थिक शोषण किया जा रहा है। स्थापना शाखा व अन्य विभागों के द्वारा माह फरवरी के मासिक वेतन पत्रक तैयार नहीं किये गये है जिससे माह मार्च में कर्मचारी श्रमिकों को मासिक वेतनो का भुगतान शासन आदेश व समझौते के पालन में प्राप्त हो सके। कार्यभारित आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारीए स्थाई विनियमित कर्मचारियों को सेवानिवृत्त या उनकी मृत्यु के पश्चात लगभग दो लाख रुपए उपादान हित लाभ राशि ग्रेच्युटी का भुगतान किया जावे एवं जो कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं उनका विभाग के द्वारा सम्मान समारोह कर सम्मानित किया जावे पन्द्रह हजार रुपए की सम्मान निधि राशि जिला कलेक्टर के माध्यम से प्राप्त की जावे ऐसे स्पष्ट आदेश वित्त विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा पारित किए गए हैं इन आदेशों कि अवमानना भी कर्मचारियों के विरोध में जाकर नगरपालिका कर रही हैं नगरपालिका के द्वारा कर्मचारियों के विरोध में जाकर निरंतर शासन के आदेशो कि अवमानना व मजदूर संघ से किये गये समझौते कि अवमानना की जा रही है जिससे कर्मचारियों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है समय पर मासिक वेतन भुगतान, उपादान हित लाभ राशि, सेवानिवृत्त सम्मान समारोह निधि राशि के लाभ मिल सके को लेकर मजदूर संघ न्यायालय कि शरण में यथाशीघ्र जायेगा नगरपालिका अध्यक्ष व सीएमओ से अपेक्षा है कि वह कर्मचारी श्रमिकों के आर्थिक लाभ को लेकर उक्त संबंध में उचित कार्यवाही करें


# *युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 05 मार्च को*

*नर्मदापुरम (निप्र)।कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 05 मार्च को शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनीमालवा जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। रोजगार एवं स्वरोजगार में छात्र-छात्राओं को निजि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार हितधारकों के लिये स्टॉल लगाये जायेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां पर अपना पंजीयन कर सकते है। युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला में परियोजना अधिकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवयं पशु पालन विभाग, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम, पवारखेडा सहायक कृषि यंत्री कृषि अभियंत्रिकी विभाग, सहायक संचालक मछुआ कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहायक संचालक मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग तथा अल्प संख्या कल्याण विभाग, प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रबंधक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन विभाग रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। रोजगार मेला में नहर (मंडीदीप), वर्धमान (मंडीदीप). ट्राइडेंट (बुदनी), मदरसन कंपनी (गुजरात), सम्हिता पी.एस.टी. इन्डस्ट्री, भास्कर प्राइवेट लिमिटेड (मंडीदीप), यशस्वी ऐकैडमी (भोपाल), नवकिसान बायोटेक, प्रथम एजुकेशन भोपाल, पुखराज, कौशल विकास केंद्र जबलपुर, स्क्वुस सिक्योरिटी, एच.डी.एफ.सी. लाईफ, ऐक्सिस बैंक, आई.सी.आई.सी.आई बैंक, भारतीय जीवन बीमा, एम.आई.सी., काल्टिंग एण्ड डिजाइन, ग्लेसिओ, दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना, फेम लाईट अप दि वर्ल्ड आदि कंपनियां उपस्थित रहेंगी।*

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत किसान सम्मान समारोह आयोजित

## पी.एम. किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त का किया गया हस्तांतरण

नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार 24 फरवरी को प्राचार्य, कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र पवारखेड़ा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त वितरण को किसान सम्मान समारोह के रूप में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भागलपुर, बिहार से सीधा प्रसारण द्वारा प्रसारित किया गया। इस अवसर पर देश के अन्नदाताओं को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। पवारखेड़ा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष अजीत मंडलोई, म.प्र. तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी प्रसन्ना हरणे, जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी प्रशांत दीक्षित, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम सुश्री नीता कोरी, तहसीलदार नर्मदापुरम देवशंकर धुर्वे नायब तहसीलदार सुश्री दीप्ती चौधरी, प्राचार्य यू.के शुक्ला, उपसंचालक कृषि जे.आर.हेडाऊ, जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र यादव, सहायक संचालक मत्सय वीरेंद्र चौहान, कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि, उप-परियोजना संचालक आत्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी केसला व नर्मदापुरम विकासखंड के कृषकबंधु, महिला कृषक व मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ चमन पूरी गोस्वामी उपस्थित हुए। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद बेड़ा ने विभिन रबी फसलों की उन्नत खेती से संबंधित जानकारी एवं गेहूँ व चना की उन्नत किस्मों के बारे में अवगत कराया। वैज्ञानिक डॉ. दीपक खांडे ने फसल उत्पादन की उन्नत तकनीक एवं कीट व्याधियों का उचित प्रबंधन एवं प्राकतिक खेती व जैविक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष अजीत मंडलोई ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि



योजना को कृषक बंधुओं के लिए एक लाभकारी योजना बताकर यह भी बताया कि इससे कृषकों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। म.प्र. तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना कृषकों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है।

कार्यक्रम के अंत में उप-परियोजना संचालक आत्मा गोविंद मीणा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथीगणों, कर्मचारीयों एवं कृषकों का आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त विकासखंड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों पर भी किसानों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 19वीं किश्त हस्तांतरण किसान सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण किया गया।


**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम**

**:: जाहिर सूचना ::**

सूचित किया जाता है कि श्रीमती लीला बाई जाट पति स्व. श्री रामोतार जाट निवासी आदिवासी मोहल्ला रेहडा जिला नर्मदापुरम मप्र। श्रीमती लीला बाई जाट ने आवेदन करते लेख किया है कि उनके पति स्व. श्री रामोतार जाट आत्मज श्री रामदीन जाट का निधन 05-05-2021 को हो गया है। पति स्व. रामोतार जाट के नाम पर एक वाहन जिसका पंजीयन क्रमांक एम पी 05 ए जी 8645 है जो कि आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में पति के नाम पर ही पंजीकृत है। पति की मृत्यु के पश्चात उक्त वाहन को श्रीमती लीला बाई जाट अपने नाम पर आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज कराना चाहती हैं। पति की मृत्यु के पश्चात लीला बाई जाट वैधानिक उत्तराधिकारी हैं। भविष्य में कोई भी आपत्ति आती है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी श्रीमती लीला बाई जाट की होगी।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम**


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

# इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश में उद्योग एवं रोज़गार का नया युग प्रारंभ

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
# समापन समारोह

मुख्य अतिथि
**अमित शाह**
केंद्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**25 फरवरी, 2025**
सायं 4:30–6:00 | मुख्य हॉल
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

**मुख्य आकर्षण**

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

CII
Confederation of Indian Industry

EY
Shape the future with confidence

D-11197/24



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
www.investmp.in